तापमान

अधिकतम 26 .3 डिग्री
न्यूनतम 6 .2 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, सोमवार,15 दिसंबर 2025

11 21 हजार से अधिक बच्चों का होगा आकलन



12 नारियल तोड़कर शुरू किए 2.17 करोड़ के विकास कार्य



## खबर संक्षेप

### कोहला की टीम ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता

**गोहाना**। रविवार को गांव कोहला में ग्रामीणों द्वारा लड़कियों के लिए नेशनल स्टाइल कबड्डी लीग आयोजित की गई। प्रतियोगिता में आठ टीमों ने भाग लिया। संयोजन कोच ज्योति चहल ने किया और समाजसेवी संदीप बांगड़ ने विजेता एवं उप विजेता टीमों की खिलाड़ियों को सम्मानित किया। प्रतियोगिता में गांव कोहला की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और पहले स्थान पर रही। गांव भावड़ की टीम दूसरे और गांव लाठ की टीम तीसरे स्थान पर रही। मुख्य अतिथि बांगड़ ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की बेटियां प्रतिभा की धनी हैं। इस मौके पर राजेंद्र, सुरेंद्र, दलबीर, सवींद्र, बसाऊ व नरेश मौजूद रहे।

### कैंटर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**गोहाना**। रोहतक-पानीपत हाइवे स्थित चिड़ाना गांव के नजदीक कैंटर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार घायल हो गया। सदर थाना में केस दर्ज किया गया। मुंडलाना गांव के कृष्ण ने पुलिस को बताया कि वह एक बैंक में कैश की गाड़ी पर पानीपत में नौकरी करता है। वह बाइक लेकर घर से पानीपत अपने दोस्त सोनू के पास जा रहा था। जब वह चिड़ाना गांव में पहुंचा तो कैंटर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। वह बाइक सहित नीचे गिर गया और उसे ज्यादा चोट आई। उसे भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल ले जाया गया।

### खेत से ट्यूबवेल की मोटर व तार चोरी

**गोहाना**। गांव खानपुर कलां में दो खेतों से खेतों से ट्यूबवेल की मोटर व तार चोरी कर ली। सदर थाना में केस दर्ज किया गया। बजाना गांव के बलराज ने पुलिस को बताया कि खानपुर कलां गांव में उसने छह एकड़ जमीन ठेके पर ले रखी है। उसने खेत में लगे ट्यूबवेल पर पांच हार्स पावर की मोटर लगा रखी थी। वह 10 दिसंबर को खेत में सारा सामान संभालकर आया था। अगले दिन खेत में गया तो मोटर नहीं मिली। पड़ोसी साहिल के खेत से भी बिजली की तार चोरी किया गया।

### अनिल लठवाल चिड़ाना लाइब्रेरी के अध्यक्ष बने

**गोहाना**। रविवार को गांव चिड़ाना की शहीद भगत सिंह लाइब्रेरी समिति के अध्यक्ष का चुनाव किया गया। चुनाव में अनिल लठवाल सर्वसम्मति से समिति के अध्यक्ष चुने गए। उनका कार्यकाल वर्ष 2026 में 1 जनवरी से 31 दिसम्बर तक रहेगा। नवनियुक्त अध्यक्ष को अपनी कार्यकारिणी गठन का भी अधिकार दिया गया। वे इसी महीने अपनी कार्यकारिणी गठित करेंगे।

चुनाव कार्यक्रम मुख्य अतिथि गांव चिड़ाना के सरपंच सन्दीप लठवाल और लाइब्रेरी संस्थापक मास्टर राजेश लठवाल चिड़ाना की निगरानी में हुआ।

## कोहरे का कहर: हाईवे पर कई जगह हादसे, वाहनों की रफ्तार पर लगा ब्रेक

# 6 वाहन भिड़े, 19 घायल, मुरथल फ्लाईओवर पर ट्रक पलटने से दो घंटे तक जाम में फंसे रहे लोग





**सोनीपत**। केएमपी पर हादसे के बाद इकट्ठा हुए लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जिले में लगातार दूसरे दिन घने कोहरे ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया। रविवार तड़के से ही कोहरे की मोटी चादर छा गई, जिससे सड़कों पर रफ्तार पूरी तरह थम गई। हालात इतने खराब रहे कि तड़के करीब पांच बजे दृश्यता शून्य पर पहुंच गई। नेशनल हाईवे-44, कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे, कुंडली-गाजियाबाद-पलवल पेरिफेरल-वे और एनएच-334बी पर वाहन रेंगते नजर आए। कई जगह चालकों को मजबूरन वाहन सड़क किनारे रोकने पड़े। कोहरे की वजह से जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसों में 6 वाहन आपस में भिड़ गए, जिनमें 19 लोग घायल हो गए। रविवार की सुबह लोग जब नींद से जागे तो चारों ओर घना कोहरा फैला हुआ था। अंधेरा और कोहरा इतना घना था कि वाहन चालकों को आगे का रास्ता दिखाई देना लगभग नामुमकिन हो गया। तड़के पांच बजे से लेकर सुबह सात बजे तक हालात सबसे ज्यादा खराब रहे। दृश्यता कहीं शून्य तो कहीं मुश्किल से पांच से दस मीटर तक सीमित रही। छुट्टी का दिन होने के बावजूद जो लोग जरूरी कामों से घरों से निकले, उनके लिए सफर किसी चुनौती से कम नहीं रहा।

### केजीपी पर पांच कार और कैंटर टकराए

कोहरे के कारण हाईवे और एक्सप्रेस-वे पर वाहन बेहद धीमी गति से चलते रहे। कई चालकों ने खतरा भांपते हुए अपने वाहन सड़क के किनारे खड़े कर दिए, लेकिन इसके बावजूद हादसों को टाला नहीं जा सका। केजीपी पेरिफेरल-वे पर झुंडपुर और जाखौली के बीच छह वाहन आपस में टकरा गए, जिनमें पांच कार और एक कैंटर शामिल था। एनएच-334बी पर कंवाली और रोहट के पास कैंटर, ट्राला, ट्रक और कार की भिड़ंत हो गई। वहीं केएमपी एक्सप्रेस-वे पर खरखौदा और नाहरी क्षेत्र में दो ट्रक, एक कैंटर और दो कार आपस में टकरा गए। इन हादसों में यूपी के बागपत की रहने वाली सकीरा, टिटिहरी निवासी दीपक, गाजियाबाद के शॉर्यपुरम की रहने वाली डोली और उनका छह वर्षीय बेटा हृदय घायल हो गए। राजस्थान के चंदेरिया निवासी प्यारचंद, चित्तौड़गढ़ निवासी डाक सिंह, आयुष, अंशी, पूजा, ललिता और प्रीति भी दुर्घटनाओं में घायल हुए। इसके अलावा सोनीपत के विकास, दीपांशु, पिंकी और रुबी को भी चोटें आईं। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जबकि गंभीर रूप से घायल सकीरा, प्यारचंद और अन्य तीन लोगों को रोहतक रेफर किया गया।

कोहरे का असर सिर्फ हादसों तक ही सीमित नहीं रहा। एनएच-44 पर मुरथल फ्लाईओवर के पास जम्मू के उधमपुर निवासी दीपक का ट्रक पलट गया। इस हादसे में चालक घायल हो गया, जिसे रोहतक रेफर किया गया। ट्रक पलटने से हाईवे पर करीब दो घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। फ्लाईओवर के ऊपर और नीचे संपर्क मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद ट्रक को हटवाया, तब जाकर यातायात बहाल हो सका।

धुंध के आगोश में शहर





### 9 बजे के बाद कम हुआ कोहरा

सुबह नौ बजे के बाद धीरे-धीरे कोहरे का असर कम होना शुरू हुआ। दृश्यता 20 मीटर तक पहुंची और 10 बजे तक सड़कों पर वाहनों की आवाजाही कुछ हद तक सामान्य होने लगी। करीब 11 बजे के बाद आसमान में हल्की धूप निकलने से वाहन चालकों को राहत मिली। घने कोहरे को देखते हुए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। हाईवे पेट्रोलिंग टीमों ने मौके पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाया और यातायात को सुचारू कराया। जगह-जगह पुलिस कर्मियों ने वाहन चालकों को धीमी गति से चलने, फॉग लाइट का प्रयोग करने और सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की।

### बारह से ज्यादा एक्सप्रेस व सवारी ट्रेनें देरी से पहुंची

सोनीपत। घने कोहरे के साथ-साथ पंजाब और गाजियाबाद में चल रहे इंटरलॉकिंग कार्यों के कारण रविवार को लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहा। दिल्ली-अंबाला रूट पर एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों के देरी से चलने का असर सवारी गाड़ियों पर भी पड़ा। हालात यह रहे कि दर्जनभर से अधिक एक्सप्रेस और सवारी ट्रेनें अपने निर्धारित समय से एक से चार घंटे तक की देरी से सोनीपत रेलवे स्टेशन पहुंचीं। पंजाब के अमृतसर और फिरोजपुर मंडल तथा गाजियाबाद यार्ड में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कार्य के चलते अप और डाउन लाइनों पर ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। यात्रियों का कहना है कि कोहरे के कारण पहले ही ट्रेनों की गति धीमी है, ऊपर से एक्सप्रेस ट्रेनों को पासिंग देने के कारण सवारी गाड़ियों को बीच के स्टेशनों पर खड़ा कर दिया जाता है, जिससे उन्हें अधिक परेशानी झेलनी पड़ती है।

**ये गाड़ियां रही लेट**: दिल्ली से अंबाला रूट पर चलने वाली नेताजी एक्सप्रेस लगभग 3 घंटे 57 मिनट, मालवा एक्सप्रेस 3 घंटे 8 मिनट, पश्चिम एक्सप्रेस और आम्रपाली एक्सप्रेस करीब 2 घंटे 53 मिनट, गीता जयंती एक्सप्रेस 1 घंटा 34 मिनट, दादर एक्सप्रेस 1 घंटा 20 मिनट की देरी से पहुंची। इसके अलावा कई सवारी गाड़ियां भी एक से चार घंटे तक लेट रहीं। वहीं अंबाला से दिल्ली रूट पर जम्मू मेल करीब 2 घंटे 46 मिनट, नेताजी एक्सप्रेस 1 घंटा 51 मिनट, झेलम एक्सप्रेस 1 घंटा 34 मिनट, दादर एक्सप्रेस 1 घंटा 25 मिनट और अन्य सवारी गाड़ियां भी देरी से सोनीपत स्टेशन पहुंचीं।

## रोहट में बड़ा हादसा टला

# राजकीय स्कूल के सामने यात्रियों से भरी बस पलटी, तीन घायल

- बस में 35 से 40 यात्री सवार थे
- ग्रामीणों ने यात्रियों को बाहर निकाला

**सोनीपत**। गांव रोहट में रविवार शाम उस समय एक बड़ा हादसा होते-होते बचा, जब यात्रियों से भरी सहकारी परिवहन समिति की एक बस संतुलन खोकर पलट गई। यह घटना सरकारी स्कूल के ठीक सामने शाम करीब सवा छह बजे हुई। गनीमत यह रही कि बस सड़क के किनारे स्थित तालाब में नहीं गिरी, अन्यथा यह एक गंभीर दुर्घटना का रूप ले सकती थी। सहकारी परिवहन समिति की यह बस बहादुरगढ़ से सोनीपत की ओर जा रही थी और इसमें 35 से 40 यात्री सवार थे। जैसे ही बस रोहट गांव में सरकारी स्कूल के सामने पहुंची, सड़क पर बने कई ब्रेकरों के कारण चालक का बस पर से नियंत्रण हट गया। अनियंत्रित हुई बस विपरीत दिशा में चली गई और सामने से आ रही एक इको गाड़ी को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बस सड़क पर ही पलट गई। बस के पलटते ही अंदर बैठे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हादसे की जानकारी मिलते ही तुरंत मौके पर मौजूद राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों ने बचाव कार्य शुरू कर दिया। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए बस में फंसे यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। इस दुर्घटना में किसी भी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई। हालांकि, तीन यात्री मामूली रूप से घायल हुए। घायलों में गांव सिलाना निवासी सोमबीर और नवनीत तथा सोनीपत की शारदा शामिल हैं। इको गाड़ी के चालक को भी चोटें आई हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए खरखौदा के सरकारी अस्पताल में पहुंचाया गया, जहां उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया।

### ट्रैक्टर से हटाए क्षतिग्रस्त वाहन

बस पलटने के कारण सड़क बाधित हो गई थी। स्थानीय ग्रामीणों ने बाद में एक ट्रैक्टर की सहायता ली और बस तथा क्षतिग्रस्त इको गाड़ी, दोनों को सड़क के किनारे किया ताकि यातायात सामान्य हो सके। ग्रामीणों की सूझबूझ और सहयोग से न सिर्फ यात्रियों की जान बची, बल्कि सड़क भी जल्द ही साफ कर दी गई।



# प्रदूषण का 'अति गंभीर' संकट ग्रैप-4 के कड़े प्रावधान लागू

**सोनीपत**। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु गुणवत्ता सूचकांक के अत्यंत गंभीर स्तर को पार करते ही, प्रदूषण नियंत्रण के लिए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) का चौथा और सबसे सख्त चरण तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के 13 दिसंबर को जारी निर्देशों के अनुपालन में, सोनीपत के उपायुक्त सुशील सारवान ने जिले के सभी संबंधित विभागों को ग्रैप-4 के तहत आने वाले अतिरिक्त और कड़े प्रावधानों को पूरी सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए हैं।

### नियमों का सख्ती से पालन करवाएं : डीसी

दिल्ली-एनसीआर में एक्यूआई 450 के आंकड़े को पार कर गया है, जो 'अति गंभीर' श्रेणी का संकेत है। अत्यंत धीमी हवा की गति, स्थिर वातावरण, गहराते धुंध और प्रतिकूल मौसम संबंधी स्थितियों के कारण प्रदूषक तत्व वातावरण की निचली परतों में जमा हो रहे हैं, जिससे स्थिति विस्फोटक हो गई है। ऐसे खतरनाक हालात में जन स्वास्थ्य की रक्षा के लिए आपातकालीन कदम उठाना अनिवार्य हो गया है। उपायुक्त सुशील सारवान ने स्पष्ट किया कि सीएक्यूएम के आदेशों का अक्षरशः और सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

# आत्मनिर्भर भारत के लिए स्वदेशी अपनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

रविवार को आत्मनिर्भर संकल्प रथ यात्रा का गोहाना पहुंची। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पुरानी अनाजमंडी में यात्रा का स्वागत किया और लोगों से स्वदेशी वस्तुएं अपनाने का संदेश दिया।

आत्मनिर्भर संकल्प रथ यात्रा प्रदेश सह संयोजक ऋषिपाल मथाना एवं संदीप शर्मा के नेतृत्व में गोहाना पहुंची। संकल्प यात्रा गोहाना के संयोजक भाजपा नेता इंद्रजीत विरमानी, सह संयोजक सतीश उरलाना रहे। ऋषिपाल मथाना व संदीप सैनी ने स्वदेशी वस्तुएं अपनाने पर जोर दिया। ऋषिपाल ने कहा कि भारत सामरिक दृष्टि से सैन्य उपकरणों और खाद्यान्नों में आत्मनिर्भर हो चुका है।

### आत्मनिर्भर संकल्प रथ यात्रा



यह यात्रा 7 दिसंबर से शुरू हुई थी और पूरे प्रदेश के भ्रमण के बाद 24 दिसम्बर को समापन होगा। इस मौके पर लोकसभा प्रभारी आजाद नेहरा, महेंद्र चिड़ाना, जितेन्द्र शर्मा, बलराम कौशिक, रमेश कश्यप, नरेंद्र गहलावत, परमवीर सैनी, जगबीर जैन, भूपेंद्र मुदगिल, डॉ. राममेहर राठी, मुकेश रोहिल्ला, प्रवीण कश्यप,प्रसन्नी मलिक,राजेंद्र गिरधर व नरेश देवी उपस्थित रहे।

# निष्काम भक्ति ही मनुष्य का सबसे बड़ा धन : सत्यदेव महाराज

**सोनीपत**। बाबा बिशनदास धाम, मुरथल में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा का रविवार को समापन किया गया। कथा के अंतिम दिवस पर कथा व्यास स्वामी सत्यदेव महाराज ने सुदामा चरित्र एवं व्यास विदाई के पावन और प्रेरणादायी प्रसंगों का भावपूर्ण प्रवचन प्रस्तुत किया। स्वामी सत्यदेव महाराज ने सुदामा चरित्र के माध्यम से बताया कि सच्ची मित्रता, विनम्रता और निष्काम भक्ति ही मनुष्य का सबसे बड़ा धन है। उन्होंने कहा कि दरिद्र ब्राह्मण सुदामा का भगवान श्रीकृष्ण के प्रति निष्कपट प्रेम और अहंकार-



रहित स्वभाव यह सिद्ध करता है कि भगवान अपने भक्त की भावना को देखते हैं, न कि उसके वैभव को। सुदामा द्वारा लाया गया मुट्ठी भर चावल भगवान को इतना प्रिय लगा कि श्रीकृष्ण ने उन्हें बिना मांगे ही अपार सुख-समृद्धि प्रदान कर दी।

# बली कुतुबपुर में शराब पीते समय झगड़े में युवक की ईंट मारकर हत्या, खेत के कोठरे में मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

गांव बली कुतुबपुर में खेत स्थित ट्यूबवेल कोठरे पर एक युवक की हत्या कर दी। मृतक की पहचान रविंद्र पुत्र बलवान, निवासी बली कुतुबपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक के साथ शराब पी रहे तीन युवकों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में सुंदर पुत्र ईश्वर सिंह, निवासी गांव बली कुतुबपुर ने बताया कि वह खेती-बाड़ी का काम करता है। 13 दिसंबर 2025 की शाम करीब साढ़े पांच बजे वह अपने खेत में गया था। रास्ते में उसने देखा कि उसके खेत के पास स्थित रविंद्र के ट्यूबवेल कोठरे पर रविंद्र के साथ बिजेंद्र निवासी सैयां खेड़ा, दीपक और अर्जुन निवासी बली कुतुबपुर बैठे शराब पी रहे थे। इसके बाद वह खेत से घूमकर अपने घर चला गया। शिकायत में बताया कि 14 दिसंबर को दिन में उसे गांव बली कुतुबपुर निवासी रविंद्र का फोन आया, जिसमें बताया गया कि रविंद्र के ट्यूबवेल कोठा पर उसकी लाश खून से लथपथ हालत में पड़ी है।



**गन्नौर**। घटनास्थल पर जांच करते पुलिस अधिकारी।

### आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करेंगे

एसीपी ऋषिकांत ने बताया कि कल रात को मृतक रवींद्र 35 वर्ष ने अपने दोस्त के साथ बैठकर शराब पी थी। किसी बात पर इनका झगड़ा हो गया दूसरे युवक ने ईंट से हमला कर हत्या कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, आरोपियों को जल्द पकड़ लिया जायेगा।

### तीन युवकों पर हत्या का आरोप

सूचना मिलते ही वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ मौके पर पहुंचा, जहां खेत में ट्यूबवेल कोठा के बरामदे में रविंद्र का शव पड़ा मिला। शव के पास काफी मात्रा में रक्त फैला हुआ था। सुंदर ने आरोप लगाया कि रविंद्र के साथ शराब पीने वाले बिजेंद्र, दीपक और अर्जुन ने ही उसकी हत्या की है। सूचना मिलने पर पुलिस चौकी खुबडू झाल से एएसआई सुनील, एएसआई गोवर्धन, कांस्टेबल प्रवेश मौके पर पहुंचे।

# आदित्य हत्याकांड का आरोपी पांच दिन के पुलिस रिमांड पर

**गन्नौर** । गांव सांदल कलां निवासी 21 वर्षीय आदित्य की हत्या के मामले में को स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट ने मुख्य आरोपित विश्वामित्र को अदालत में पेश किया। जहां से उसे पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड अवधि के दौरान पुलिस महिला एंगल को ध्यान में रखते हुए गहन पूछताछ करेगी और मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी पड़ताल करेगी। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हत्या के बाद आदित्य के शव को ठिकाने लगाने के लिए विश्वामित्र ने एक टैक्सी किराये पर ली थी। यह टैक्सी उसने गांव के ही किसी व्यक्ति से किराये पर ली थी, हालांकि अभी तक टैक्सी मालिक की पहचान नहीं हो सकी है। आरोपित ने टैक्सी यह कहकर ली थी कि वह अपने बच्चों को लेने जा रहा है। इसी टैक्सी में आदित्य के शव को कट्टे में डालकर बड़वासनी नहर तक ले जाया गया था।

### बीस हजार के लेन-देन में दोस्त ने ही मार डाला

रिमांड के दौरान पुलिस आरोपित से आदित्य का मोबाइल फोन, हत्या में प्रयुक्त लोहे की राड और वारदात से जुड़े अन्य साक्ष्य बरामद करने का प्रयास करेगी। इसके साथ ही यह भी जांच की जाएगी कि इस हत्याकांड में किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता तो नहीं रही। गौरतलब है कि पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह सामने आ चुका है कि मात्र 20 हजार रुपये के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में आदित्य की उसके ही दोस्त विश्वामित्र ने हत्या कर दी थी। पुलिस को गुमराह करने के लिए आरोपित ने आदित्य के फोन से धमकी भरे मैसेज और वीडियो भेजकर फिरौती का मामला दर्शाने की कोशिश की थी। शनिवार को दिल्ली के हैदरपुर स्थित मुनक नहर से आदित्य का शव बरामद हुआ था। पुलिस का कहना है कि रिमांड अवधि में पूछताछ के बाद मामले से जुड़े सभी तथ्यों को स्पष्ट किया जाएगा।

### स्वामी श्रद्धानंद का आर्य समाज के लिए अद्वितीय योगदान : प्रो. ओमकुमार

**गोहाना**। शहर में गुढ़ा रोड स्थित आर्य समाज मंदिर में आर्य समाज गोहाना मंडी का मासिक वैदिक सत्संग समारोह आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ प्रातः हवन के साथ हुआ। हवन में श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डाली। समारोह की अध्यक्षता समाज की मंडी इकाई के अध्यक्ष धर्मपाल भनवाला ने की। संयोजन उपाध्यक्ष जेई रामपाल का रहा। मुख्य वक्ता जींद से वैदिक विद्वान प्रो. ओमकुमार ने कहा कि आर्य समाज अपनी स्थापना के 150 वर्ष मना चुका है। इस समयावधि में अनेक वैदिक विद्वानों ने समाज की मजबूती के लिए काम किया। आर्य समाज के प्रमुख विद्वानों में महर्षि दयानंद के बाद स्वामी श्रद्धानंद का नाम शामिल है जिनका आर्य समाज के लिए अद्वितीय योगदान रहा। वे देश के महान राष्ट्रभक्त और सन्यासियों में अग्रणी थे। प्रो. ओमकुमार ने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद का 23 दिसंबर को बलिदान दिवस है। इनका बचपन का नाम मुंशीराम विज था। युवावस्था में अनेक दुर्व्यसनों में फंसे मुंशीराम विज महर्षि दयानंद के सम्पर्क में आने के बाद महात्मा मुंशीराम कहलाए। उनका जीवन हमारे लिए किसी प्रेरणा से कम नहीं है। समारोह में मास्टर अजीत आर्य, मास्टर प्रदीप आर्य, राजेदव आर्य, एडवोकेट इंद्र सिंह भनवाला, आशीष आर्य, देवेन्द्र आर्य, प्रेम सांगवान और मास्टर अजमेर आर्य उपस्थित रहे।



- आर्य समाज गोहाना मंडी का मासिक वैदिक सत्संग समारोह



## गीता जयंती महोत्सव

कुरुक्षेत्र में गीता जयंती महोत्सव, भगवद गीता के जन्मदिवस (मार्गशीर्ष शुक्ल एकादशी) के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। यह एक विशाल वार्षिक अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक और सांस्कृतिक उत्सव है, जहां भक्त ब्रह्म सरोवर में स्नान करते हैं, श्लोक पाठ, भजन, नाटक और शिल्प मेले (सरस मेला) में भाग लेते हैं। यह आयोजन कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड और हरियाणा पर्यटन द्वारा कई देशों की भागीदारी के साथ आयोजित किया जाता है। यह महोत्सव 2016 से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाया जा रहा है।

# कला और संस्कृति का अनूठा संगम है फल्गु महोत्सव

**लोक परंपराओं को जीवित रखने और आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम है 'फल्गु लोककला महोत्सव'। यह संस्कृति के प्रति एक संकल्प, एक यात्रा और एक ऐसे आंदोलन की शुरुआत है जो हमारी विरासत को आधुनिकता की दौड़ में संरक्षित करने का प्रयास करता है।**

संस्कृति

**रामबीर सिंह 'राम'**

हरियाणा की संस्कृति और परम्पराएं अद्भुत हैं। यहाँ की माटी से उठती सुगंध केवल खेत-खलिहानों तक सीमित नहीं है बल्कि लोकगीतों, नृत्यों, रागनियों और धार्मिक आस्थाओं में भी साँस लेती है। इन्हीं लोक



परंपराओं को जीवित रखने और आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम है 'फल्गु लोककला महोत्सव'। जो न केवल एक सांस्कृतिक आयोजन है, बल्कि यह संस्कृति के प्रति एक संकल्प, एक यात्रा और एक ऐसे आंदोलन की शुरुआत है जो हमारी विरासत को आधुनिकता की दौड़ में संरक्षित करने का प्रयास करता है।

इस महोत्सव ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के साथ-साथ यह भी सिद्ध कर दिया कि लोककलाएँ आज भी समाज की आत्मा हैं और जब इन्हें उचित मंच मिलता है, तो ये सांस्कृतिक चेतना की नई



धाराओं को जन्म देती हैं। ऐसे में यह उत्सव तब और भी प्रासंगिक तथा प्रभावशाली हो जाता है जब इसका आयोजन कुरुक्षेत्र की पावन धरती पर स्थित फल्गु तीर्थ यानि फल्कीवन पर किया जाता है। हरियाणा के कैथल जिले के गाँव फरल में स्थित फल्गु तीर्थ यानि फल्कीवन की बात चली है तो बताते चलें कि वामन पुराण के अनुसार, घने वनों से आच्छादित कुरुक्षेत्र की पावन भूमि पर सात प्रमुख वन थे, जिनमें से एक था फल्कीवन। यह पावन भूमि सरस्वती और दृषद्वती नदियों के जल से पोषित थी। दृषद्वती नदी का प्रवाह मार्ग कौल (कैथल) से होते हुए फल्कीवन तक रहा है, जिसके अवशेष आज भी गाँव फरल के पूर्व में देखे जा सकते हैं। इस भूमि पर महर्षि श्री फल्क ने कठोर साधना की, और उन्हीं के नाम पर यह स्थान 'फल्कीवन' कहलाया। कालांतर में, यही वन फल्गु तीर्थ बना और इसके कारण ही गाँव का नाम 'फरल' पड़ा। यह तीर्थ पितृकर्म के लिए विश्वभर में विख्यात है, जिसका वर्णन महाभारत, वामन पुराण, मत्स्य पुराण और नारद पुराण जैसे ग्रंथों में मिलता है। वामन पुराण के 36वें अध्याय में वर्णित है :

*"सोमक्षये च सम्प्राप्ते सोमस्य च दिन तथा।*
*यः श्राद्ध च मत्यस्तस्य फल पुष्पम्।।49।।*
*गंगायां च यथा श्राद्ध पितृन्प्रीणति नित्यशः।*
*तथा श्राद्ध च कर्तव्य फल्कीवनमाश्रितैः।।50।।"*

अर्थात सोमवार के दिन अमावस्या के अवसर पर फल्गु तीर्थ पर किया गया श्राद्ध पितरों को गया जी में किए गए श्राद्ध की तरह ही तृप्त और प्रसन्न करता है।

फल्गु तीर्थ केवल धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक धरोहर भी है। यहाँ 17वीं शताब्दी का मुगलकालीन शिव मंदिर, नागर शैली में निर्मित राधा-कृष्ण मंदिर, विशाल सरोवर और एक अत्यंत प्राचीन वटवृक्ष इसकी महत्ता को और भी बढ़ा देते हैं। समीप स्थित पणिश्वर तीर्थ भी है, जिसे महाभारत के अनुशासन पर्व में 'पाणिखात' कहा गया है।

फल्गु तीर्थ पर सांस्कृतिक आयोजनों का इतिहास भले ही शानदार हो, लेकिन इस आयोजनों के बीच आने वाला लंबा अंतराल परंपरा के सरंक्षण में बाधक बन रहा था। जिसे दूर करने का बीड़ा फल्गु मंदिर सुधार समिति ने उठाया। समिति के संरक्षक जयगोपाल शर्मा के मार्गदर्शन में, वर्ष 2011 में पहली बार एक दिवसीय भजन संध्या का आयोजन हुआ। यह छोटा-सा प्रयास गाँव की सांस्कृतिक चेतना को जगाने वाला दीपक साबित हुआ। धीरे-धीरे यह परंपरा बढ़ती गई और उत्सव का दायरा एक दिन से बढ़कर सात दिन तक पहुँच गया। हरियाणवी सांग, रागनी, लोकनृत्य, भजन और कवि सम्मेलन जैसे विविध कार्यक्रमों ने इस मंच को बहुआयामी बना दिया। 2016 में जब हरियाणा कला परिषद इस उत्सव से जुड़ी, तो आयोजन को नई ऊर्जा मिली। सरकार के सहयोग और कलाकारों की बढ़ती भागीदारी ने इसे राज्यस्तरीय पहचान दिलाई। वर्ष दर वर्ष इस महोत्सव में कलाकारों की संख्या निरंतर बढ़ती रही। 2016 में जहाँ 35 कलाकारों ने भाग लिया, वहीं 2017 में यह संख्या 180 तक पहुँच गई। 2018 और 2019 में यह परंपरा जारी रही। 2020 में महामारी के कारण उत्सव ऑनलाइन आयोजित हुआ, जिसमें 120 कलाकारों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। 2021 से फिर प्रत्यक्ष आयोजन शुरू हुआ और हरियाणा साहित्य अकादमी भी इससे जुड़ गई। इससे गाँव में कवि सम्मेलन की एक नई परंपरा का जन्म हुआ, जिसने लोककलाओं के साथ-साथ साहित्य को भी इस मंच पर स्थान दिया। यह उत्सव हरियाणा सरकार की विभिन्न परीक्षाओं में भी एक प्रश्न बनकर उभरा है कि 'फल्गु उत्सव कब और कहाँ आयोजित होता है?', जो इसकी बढ़ती लोकप्रियता और महत्ता को दर्शाता है। वर्ष 2022 में पहले आयोजनों की परंपरा को निभाने के बाद वर्ष 2023 से महोत्सव कला और सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा की वित्तीय सहायता से तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन हो रहा है।

हाल ही में कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा तथा फल्गु मंदिर सुधार समिति के संयुक्त तत्वावधान में 12 से 14 सितम्बर 2025 तक फल्गु तीर्थ, फरल (कैथल) में तीन दिवसीय फल्गु लोककला महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन हुआ। जिसमें इंद्रप्रस्थ अध्ययन केंद्र, नई दिल्ली और क्षीरधारा करनाल का विशेष सहयोग रहा। 12 सितम्बर को पहले दिन हरियाणवी लोकनृत्य कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार डॉ. चंद्र त्रिखा (निदेशक, उर्दू प्रकोष्ठ, हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी) के सान्निध्य में मुख्य अतिथि सतपाल जाम्बा, विधायक पूंडरी, अध्यक्ष मनजीत सिंह (सदस्य सचिव, हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी) तथा विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार रामबीर सिंह 'राम' और समाजसेवी विकास गर्ग ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुकेश द्वारा गणेश वंदना,



सत्यवान व सोनी की 'कुएं की पनिहारी', सीमा वत्स की 'काला-काला कहे गुजरी' तथा बलराज और उनकी टीम की 'जर-जोरू और जमीन' जैसी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को लोक-संवेदना से भर दिया।महोत्सव के दूसरे दिन 13 सितम्बर को लोकगायन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. रामपाल सैनी (कुलपति, चौ. रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद), अध्यक्ष पद्मश्री महाबीर गुड्डू और विशिष्ट अतिथि डॉ. ऋषिपाल (प्राचार्य, जनता कॉलेज, कौल) ने किया महाबीर गुड्डू ने भी सुप्रसिद्ध रागनी 'गंगा जी तेरे खेत मैं' प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावविभोर किया। 14 सितम्बर को अंतिम दिन हरियाणवी मखौल एवं कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसका शुभारंभ प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री (कार्यकारी उपाध्यक्ष, हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी), अध्यक्ष सुभाष गर्ग, विशिष्ट अतिथि कर्म सिंह, डॉ. पवन वर्मा (निदेशक, आकाशवाणी हिसार) और विजय सिंगला ने दीप प्रज्वलित कर किया। कवयित्री अनामिका वालिया, हास्य कलाकार संजीत कौशिक, प्रदीप सिंह, आजाद दुहन, विनीत पांडेय और गीतकार चरणजीत 'चरण' की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को हँसी, व्यंग्य और भक्ति के संगम से सराबोर कर दिया। तीनों दिन फल्गु तीर्थ परिसर लोकसंगीत, नृत्य और काव्य से गूंजता रहा। सभी अतिथियों ने कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा और फल्गु मंदिर सुधार समिति को साधुवाद देते हुए ऐसे आयोजनों को हरियाणवी विरासत के संरक्षण, संवर्धन और नई पीढ़ी तक इसके प्रसार का प्रेरणास्रोत बताया।

वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार डॉ. चंद्र त्रिखा इसे "एक सांस्कृतिक चेतना का उत्सव" कहते हैं, जो समाज के लिए एक सुखद अनुभव और उदाहरण प्रस्तुत करता है। जबकि हिंदी मंच संचालन के शिखर पुरुष जैनेन्द्र सिंह की नज़र में 'फल्गु उत्सव' अपनी कला, संस्कृति और परंपराओं को समर्पित एक सकारात्मक और सफल प्रयास है जो समाज के लिए प्रेरणा का कार्य करता है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के संयुक्त सचिव डॉ. जी.एस. चौहान का मानना है कि यह शिक्षा और सांस्कृतिक चेतना का संगम है, जो युवाओं को भारतीय परंपराओं से जोड़ता है। इसी प्रकार उत्तर मध्य सांस्कृतिक कला केंद्र के निदेशक सुदेश शर्मा इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने का सपना देखते हैं और इसे संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रयासों में एक सार्थक योगदान मानते हैं। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेन्द्र सिंहल कहते हैं कि फल्गु उत्सव का आयोजन कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के तीर्थों के प्रचार-प्रसार और रख-रखाव के संकल्प में सहयोगी प्रतीत होता है।

वहीं लंदन में रहने वाले प्रसिद्ध रेडियो कलाकार रवि शर्मा का मानना है कि ऐसे आयोजन मन को आनंदित करते हैं। पद्मश्री महाबीर गुड्डू कहते हैं कि 'फल्गु लोककला महोत्सव' कला और संस्कृति के आनंद का उत्सव है। महोत्सव के संयोजक दिनेश शर्मा 'दिनेश' का लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में यह महोत्सव फल्गु मेले के रूप में विकसित हो, जो पितृपक्ष के पूरे सोलह दिनों तक चले और हजारों कलाकारों तथा लाखों श्रद्धालुओं को एक साथ जोड़ दे। उनका मानना है कि यह न केवल संस्कृति के संरक्षण का एक प्रयास है, बल्कि फल्गु तीर्थ को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने का भी एक माध्यम है। फल्गु तीर्थ की पावन भूमि पर आयोजित यह महोत्सव हमें यह संदेश देता है कि संस्कृति केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा है। यही इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि है।

---

कविता | सविता गर्ग 'सावी'



## विष्णु चरण तै निकली गंगा

विष्णु चरण तै निकली गंगा शंकर जटा समाई
भागीरथ नै करी तपस्या जब धरती पै आई

राजा सागर के पुत्रां नै जब
कपिल मुनि का उपहास करया
आंख खोल कै गेड़ी दृष्टि
पल में सब तै भसम करया
जब दुनिया नै बेरा पाटया मचगी सारै दुहाई
भागीरथ नै करी तपस्या जब धरती पै आई

स्वर्ग लोक तै चल कै गंगा
मृत्यु लोक मैं आई
सब ऋषियां की कुटिया बह गई
मच गई सारै तबाही
जाहनू ऋषि नै पी कै गंगा मन मैं शांति पाई
भागीरथ नै करी तपस्या जब धरती पै आई

हाथ जोड़ कै बोल्या भागीरथ
विनती मेरी स्वीकार करो
मेरे पित्तर सै अधोगति मैं
उन सब का उद्धार करो
सावी गावै झूम झूम कै जय हो गंगा माई
भागीरथ नै करी तपस्या जब धरती पै आई।

विष्णु चरण तै निकली गंगा शंकर जटा समाई
भागीरथ नै करी तपस्या जब धरती पै आई।

---

गीत | सुरेश भाणा



## नशा करै बुरी दशा

नशा करै बुरी दशा क्रोध का बाप बताया जा
क्रोध के कारण मति भ्रम हो ना बिल्कुल भी समझाया जा

नशे के कारण इस जग में ज्यादा झगड़े होते देखे
बुद्धि से ना काम लेवैं, वैं फेर पाछै तै रोते देखे
लाख बुराई हर तरियां की अपने सिर पै ढोते देखे
भाईचारा रिस्तेदारी और यारी नै भी खोते देखे
काम ईसा कर जाते जो ना फेर पाछै तै सँगवाया जा

नशा करणिया माणस के घर होज्या धन का टोटा
उसका कुणबा भूखा सोवै काम बणै घणा खोटा
टूम ठेकरी बासण बिकज्यां सिर पै हो कर्जा मोटा
सारी दुनिया देवै बुराई छुटज्या मेर मळओटा
चिंता रहती चौबीस घंटे फेर पिया जा ना खाया जा

क्रोध के कारण बैर बढै ये पैदा होज्यां कठिनाई
क्रोध के कारण अक्ल खत्म हो रहै ना गात समाई
क्रोध के कारण कुणबा टूटै और न्यारे होज्यां भाई
क्रोध के कारण बड़े बड़े खपगे ना कोई निशानी पाई
क्रोध करणिया माणस फेर सारे जग में बिसराया जा

काम क्रोध मद लोभ छोड़ कै प्यार निभाणा चाहिए
छोटी मोटी बातां पै ना कदे गुस्सा ठाणा चाहिए
जो लागै बोल सभी नै सुथरा ईसा ए गाणा चाहिए
जन्म लेण नै फेर दोबारा मनै यो पाई भाणा चाहिए
कहै सुरेश गुरु चरणों में यो हरदम शीश झुकाया जा

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

नैतिक मूल्य

**संयुक्त परिवारों के आंगन अब दीवारों में बंट गए, डिजिटल युग में मोबाइल फोन बन रहे अकेलेपन के साथी**



# चिंता का विषय है बदलता सामाजिक परिवेश

जीवनशैली | **कृष्ण गोपाल सोलंकी**

हरियाणा प्रदेश, जिसे कभी अपने दूध-दही के खान-पान, आपसी प्रेम, भाईचारे और अटूट सहयोग के लिए जाना जाता था, आज एक अजीब से संक्रमण काल से गुजर रहा है। जिस धरती की पहचान बड़ों के प्रति अगाध सम्मान और निःस्वार्थ सेवा थी, आज वहां की तस्वीर कुछ धुंधली और अलग हो गई है।

यह विडंबना ही है कि विकास की दौड़ में आगे बढ़ते हुए हम अपने नैतिक मूल्यों को पीछे छोड़ आए हैं। नई पीढ़ी के व्यवहार में बड़ों के प्रति सम्मान, दिखावे की खोखली जिंदगी और बढ़ती नशाखोरी आज हर संवेदनशील व्यक्ति के लिए गहरी चिंता का विषय बन गई है। आज का इंसान अपने वास्तविक स्वधर्म और मानवता को भूलकर काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार के दलदल में बुरी तरह फंस गया है। जिसके कारण समाज में नैतिक मूल्यों का पतन बड़ी तेजी से हो रहा है। भाईचारे की मिसाल कहे जाने वाले हरियाणा में इन दिनों ऐसी-ऐसी खबरें सामने आ रही हैं, जिनसे मानवता शर्मसार हो उठती है। सहनशीलता का स्तर इतना गिर गया है कि जरा-जरा सी बात पर खून-खराबा होना आम बात हो गई है। उदाहरण के तौर पर, अक्सर देखने में आता है कि खेत की एक इंच मेंढ या घर के बाहर गाड़ी खड़ी करने जैसी मामूली बात पर वर्षों पुराने पड़ोसी या सगे भाई एक-दूसरे की जान लेने पर उतारू हो जाते हैं। यह वही समाज है जहाँ कभी पड़ोसी के दुख को अपना दुख समझा जाता था, लेकिन आज क्रोध और अहंकार ने विवेक को हर लिया है। भौतिक सुखों की अंधी दौड़ और खुद को रातों-रात अमीर बनाने की चाहत में माता-पिता अब अनजाने में ही सही, अपने बच्चों को वह समय नहीं दे पा रहे हैं, जो उनके चरित्र निर्माण के लिए अनिवार्य था। इसका परिणाम यह हुआ है कि संयुक्त परिवारों के आंगन अब दीवारों में बंट गए हैं; अलग-अलग चौखटें और अलग-अलग रास्ते हो गए




हैं। इस अलगाव का सबसे बड़ा और दुष्प्रभाव बच्चों पर पड़ा है। जिस उम्र में उन्हें घर के बुजुर्गों के सानिध्य में स्नेह, सहयोग, तालमेल और रिश्तों की मिठास सीखनी चाहिए थी, उस कच्ची उम्र में वे मोबाइल की दुनिया में अकेलेपन के साथी बन गए हैं। वे बेढंगी और अर्थहीन 'रील्स' देख रहे हैं और खुद भी वैसा ही बनावटी जीवन जीने का प्रयास कर रहे हैं। इस जलती आग में घी डालने का काम किया है, नए दौर के हरियाणवी गानों ने। साहित्य और संगीत, जो कभी समाज का दर्पण हुआ करते थे, आज पथभ्रष्ट हो चुके हैं। इन गीतों की भाषा शैली न केवल असभ्य है, बल्कि यह लेखकों की परवरिश और उनके संस्कारों पर भी बड़ा प्रश्नचिन्ह लगाती है। गीतों में जेल, पिस्तौल, बदमाशी, मार-काट और शराब जैसे शब्दों का प्रयोग और महिमामंडन इस प्रकार किया गया है, जिससे प्रभावित होकर युवा वर्ग इसे ही जीवन का 'सच्चा सुख' और 'रुतबा' मान बैठा है। तकनीकी और पैसे के इस दौर ने माता-पिता से जहाँ उनके बच्चे छीन लिए, वहीं माता-पिता भी अपनी व्यस्तताओं के चलते अपने बच्चों से कोसों दूर होते जा रहे हैं। संवादहीनता के इस दौर में सहनशीलता पूरी तरह ख़त्म हो गई है। आज के बच्चे जीवन के छोटे-छोटे संघर्षों और बुरे समय का सामना करने से डरते हैं। उनकी मानसिक स्थिति इतनी नाजुक हो गई है कि परीक्षा में थोड़े कम अंक आ जाएं या कोई मनचाही वस्तु न मिले, तो वे आत्महत्या जैसा कायरतापूर्ण कदम उठाने में भी संकोच नहीं करते। इसके पीछे का सबसे बड़ा कारण यह है कि उनके पास कोई अपना ऐसा नहीं है जिससे वे मन की बात कर सकें, कोई समझाने वाला नहीं है जो उन्हें बताए कि असफलता जीवन का अंत नहीं है। ऐसे में यह प्रत्येक माता-पिता की नैतिक जिम्मेदारी बन जाती है कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों के प्रति सजग रहें। घर से बाहर कदम रखते बच्चों के बारे में माता-पिता को यह पता होना ही चाहिए कि हमारा बच्चा कहाँ है, किसके साथ उठ-बैठ रहा है और वह क्या करता है?

**अपने परिवार को आर्थिक और सामाजिक गति देना आवश्यक है, लेकिन उससे भी ज्यादा जरूरी है कि हम पहले एक स्वस्थ और संस्कारवान माहौल तैयार करें और उसकी शुरुआत अपने घर से करें। महँगे संसाधनों से ज्यादा बच्चों को हमारे 'समय' और 'साथ' की जरूरत है। हम अपने बच्चों को आधुनिक शिक्षा जरूर दें, लेकिन उसके साथ सुसंस्कारों की नींव भी रखें। जब तक शिक्षा और संस्कार का मेल नहीं होगा, तब तक हम एक सुखी और सुरक्षित समाज की कल्पना नहीं कर सकते। अंततः, हमें अपनी जड़ों की ओर लौटना होगा ताकि हरियाणा का वह खोया हुआ सौहार्द और प्रेम पुनः लौट सके।**

---

# हरियाणा की माटी से निखरी कला-साधिका ममता शर्मा

कलाकार | **दिनेश शर्मा 'दिनेश'**

*अंधेरी रात जब बीते उजाला लौट आता है,*
*अमावस का अंधेरा भी कभी ना रोक पाता है।*
*करे कोशिश अगर कोई, सफलता मिल ही जाती है;*
*इरादे हों अटल जिसके, जमाना सिर झुकाता है।*

कुछ ऐसी ही होती है जीवन में संघर्षों से होकर सफलता तक पहुँचने की कहानी। यदि हौसलों में उड़ान हो तो अभाव केवल पड़ाव बनकर रह जाते हैं। हरियाणा



की लोक संस्कृति के फलक पर शोभित लोक कलाकार ममता शर्मा ने यह सिद्ध करके दिखाया है। एक श्रमिक परिवार की बेटी से लेकर आज अनगिनत मंचों की शान बनने तक का उनका सफर न केवल प्रेरणादायी है, बल्कि महिला सशक्तिकरण का एक जीवंत उदाहरण भी है।रोहतक जिले के गाँव मुरादपुर टेकना में एक अत्यंत साधारण और कृषक परिवार में जन्मी ममता का बचपन आर्थिक तंगी में गुज़रा।

माता-पिता दिहाड़ी मजदूरी कर घर का खर्च चलाते थे। वे भले ही अक्षरज्ञान से दूर थे, किंतु अपनी संतानों को संस्कार और स्वाभिमान का पाठ पढ़ाना भली-भांति जानते थे। ममता बताती हैं, "दरिद्रता हमारे घर की चौखट पर अवश्य थी, किंतु मेरे माता-पिता ने हमारे आत्मबल को कभी विपन्न नहीं होने दिया।" ममता ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा (आठवीं तक) गाँव के ही सरकारी विद्यालय से तथा दसवीं की परीक्षा मोखरा गाँव से





उत्तीर्ण की। बाल्यकाल से ही उनके मन में हरियाणवी संस्कृति, मटका दौड़, नाटक और पारंपरिक वेशभूषा के प्रति गहरा अनुराग था। विद्यालय के सांस्कृतिक आयोजनों में वह अपनी कला का लोहा मनवाती रहीं। किंतु नियति को कुछ और ही स्वीकार था।घर की विषम परिस्थितियों के चलते, महज 15 वर्ष की अल्पायु में ही उन्हें गृहस्थी के बंधन में बाँध दिया गया। उनका विवाह हिसार के निकट स्थित गाँव बांस में हुआ। एक हँसती-खेलती किशोरी ने सिर पर घूँघट और घर-गृहस्थी की बड़ी जिम्मेदारियों के बीच अपने कलाकार मन को एक लंबी चुप्पी में कैद कर लिया। ममता अतीत के पन्ने पलटते हुए कहती हैं, "विवाह के उपरांत नए दायित्व थे, संतान सुख था और भरा-पूरा परिवार था। मैंने सब कुछ संभाल लिया, किंतु हृदय के किसी कोने में एक कसक बाकी थी कि मेरा सपना अधूरा है। मुझे अपनी लोक-परंपरा के संरक्षण के लिए कुछ करना है।"

बदलते समय के साथ ममता के सपनों को नया जीवन मिला। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से हरियाणवी संस्कृति, ठेठ बोली और सादगी से भरे वीडियो साझा करने शुरू किए। उनकी सहजता और लोककला ने जनमानस को प्रभावित किया और वह अत्यंत लोकप्रिय हो गईं।उनका मानना है कि उनकी सफलता के पीछे सबसे बड़ा हाथ उनके पति सुरेश शर्मा का है। हरियाणा के ग्रामीण परिवेश में जहाँ प्रायः वधुओं की प्रतिभा चूल्हे-चौके तक सिमट जाती है, वहीं ममता के पति ने एक नई मिसाल पेश की। उन्होंने न केवल ममता की कला का साथ दिया, बल्कि उनकी अधूरी शिक्षा को भी पुनः आरंभ कराया। एक वर्ष पूर्व उन्होंने ममता का बारहवीं कक्षा में नामांकन करवाया। ममता का कहना है, "सीखने की कोई समय-सीमा नहीं होती। आज मैं अध्ययन भी कर रही हूँ, गृहस्थी भी संभाल रही हूँ और मंच पर भी सक्रिय हूँ। मेरा उद्देश्य उन महिलाओं में चेतना जगाना है जो विवाह के उपरांत अपने स्वप्नों को तिलांजलि दे देती हैं।"इसी संदर्भ में वह भावुक होकर कहती हैं, "आज यदि मैं समाज के समक्ष चमक रही हूँ, तो इसमें मेरी मेहनत से अधिक मेरे पति का त्याग है। वे मुझे प्रत्येक कार्यक्रम में स्वयं छोड़कर जाते हैं और ससम्मान वापस लाते हैं। ससुराल में आकर यदि उनका साथ न मिलता, तो मैं कभी भी घर की देहली नहीं लांघ पाती।

### गुरु का सान्निध्य और शिक्षा की नई अलख

ममता की प्रतिभा को वास्तविक विस्तार पद्मश्री महावीर गुड्डू के सान्निध्य से मिला, जिन्होंने उनकी कला को तराशा और उन्हें प्रदेश ही नहीं, राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान दिलाई। वह 'इंडियाज़ गॉट टैलेंट' जैसे बड़े मंच पर भी हरियाणवी संस्कृति का परचम लहरा चुकी हैं। अब वह विदेशों में भी हरियाणवी संस्कृति का ध्वज फहराने की तैयारी कर रही हैं। ममता शर्मा का लक्ष्य केवल प्रशंसा बटोरना नहीं है। उनकी आँखों में एक बड़ा सपना तैर रहा है। वह दृढ़ता से कहती हैं, "मेरी आत्मा को शांति तब मिलेगी जब हरियाणवी लोक कला, हमारा परिधान और हमारे संस्कार हिंदी सिनेमा से लेकर विदेशी मंचों तक अपनी विशिष्ट पहचान बनाएंगे। यह मेरा स्वप्न मात्र नहीं, अपितु संकल्प है।"

## खबर संक्षेप

### पांच सौ जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल

**खरखौदा।** समाज कल्याण परिषद का 25 वां वार्षिक उत्सव खरखौदा उपमंडल के गांव रोहट में मनाया गया। जिसमें तेइस गांवों के पांच सौ जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। भारतीय नेटबॉल टीम की कप्तान विधि दहिया सहित कई प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं सोनीपत जिला परिषद चेयरपर्सन मोनिका दहिया ने समाज कल्याण परिषद द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की और ग्रामीणों की मांग पर खंडवाल पाने की चौपाल में शेड निर्माण के लिए 11 लाख रुपये देने की घोषणा की। आईएमटी उद्योगपति एसोसिएशन के प्रधान राजीव दहिया ने समिति को एक लाख रुपए का योगदान दिया।

### पूर्व विधायक कार्यकर्ताओं संग पहुंचे रैली में दिल्ली

**खरखौदा।** दिल्ली के रामलीला ग्राउंड में आयोजित वोट चोर गद्दी छोड़ रैली के लिए पूर्व विधायक पदम दहिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के भारी काफिले के साथ रवाना हुए। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश मे भाजपा सरकार बनी हुई है लेकिन जनता के आशीर्वाद से नहीं, बल्कि लोकतंत्र व संविधान का हनन करके बनी है। कहने की जरूरत नहीं दिल्ली रैली सरकार की नाकामयाबी को उजागर करने में सफल होगी। उन्होंने कहा कि विपक्ष में नेता राहुल गांधी सरकार के वोट चोरी के सभी सबूत जनता को दे चुके हैं। भाजपा ने कई बार वोट चोरी करके सरकार बनाई है। चुनाव आयोग भी भाजपा के इशारों पर काम कर रहा है।

### वार्षिक समारोह में छात्रों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां

**सोनीपत।** लिटल एंजल्स स्कूल सोनीपत में रविवार को छात्रों द्वारा वार्षिक समारोह व शानदार प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा उपस्थित रहे। इनके साथ समारोह अध्यक्ष विधायक निखिल मदान उपस्थित रहे। अतिथियों में प्रोफेसर ओएसडी डॉ. राजेंद्र कुमार अनायत, मेयर राजीव जैन आदि उपस्थित रहे। इनके साथ विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल, उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा, लिटल एंजल्स इन्क्लूसिव स्कूल की प्रधानाचार्या सोनिया अरोड़ा व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। मुख्य अतिथि व गणमान्य व्यक्तियों को तिलक लगाकर व नवांकुर देकर अभिनंदन किया गया।

### जटायु प्रसंग के साथ किया सुंदरकांड का पाठ

**सोनीपत।** श्री राम परिवार, सोनीपत द्वारा श्री सुन्दरकाण्ड का पाठ, हरिनाम संकीर्तन एवं श्री रामकथा का कार्यक्रम सेक्टर 12 में आयोजित किया गया। संस्था के प्रमुख ओमप्रकाश अरोड़ा ने कहा कि श्री रामचरितमानस में जटायु प्रसंग आता है। इसमें भगवान श्रीराम और जटायु के बीच संवाद तब होता है। जब जटायु रावण द्वारा घायल हो जाता है और अपनी अंतिम सांसें ले रहे होते हैं। इस संवाद में जटायु श्रीराम को सीता माता के हरण की जानकारी देते हैं और श्रीराम उन्हें मोक्ष प्रदान करते हैं। इस अवसर पर पवन सहगल, सूरजकांत, राकेश बहल, राजन मनचंदा, महेश सपड़ा, मनोहर, मुकेश आनन्द, अशोक, रमनकांत, मनोज, धीरज, महेश, मौजूद रहे।

### गेटवे इंटरनेशनल स्कूल में खेल प्रतियोगिताएं

सोनीपत। गेटवे इंटरनेशनल स्कूल, सोनीपत में वार्षिक खेल प्रतियोगिताएं 2025-26 जोश 3.0 का समापन समारोह रविवार को आयोजित किया गया। इस चार दिवसीय खेल सत्र का समापन प्रार्थना और रंगारंग कार्यक्रमों के साथ हुआ। इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो, और रिले रेस शामिल थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रेम कुमार ओझा, उपप्रधानाचार्या रिंपी वर्मा और स्कूल प्रबंधक राहुल मंगला ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया और निष्पक्ष खेल भावना तथा उत्साह को प्रोत्साहित किया। विजेताओं को पुरस्कार और सभी खिलाड़ियों को भागीदारी प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

---

### 21 हजार से अधिक प्राथमिक विद्यार्थियों का होगा आकलन

# 22 दिसंबर 23 को हिंदी-गणित विषय का सेंसस ग्रुपिंग असेसमेंट

**हर 30 विद्यार्थियों पर एक शिक्षक, पारदर्शिता पर रहेगा फोकस**

**पीजीटी और टीजीटी शिक्षक अन्य विद्यालयों में जाकर करेंगे मूल्यांकन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्यों को धरातल पर उतारने और जिले के प्राथमिक शिक्षा स्तर की वास्तविक स्थिति जानने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग ने बड़े स्तर पर सेंसस ग्रुपिंग असेसमेंट कराने की तैयारी पूरी कर ली है। इस आकलन में जिले के सभी 420 प्राथमिक विद्यालयों की कक्षा पहली से तीसरी तक के कुल 21,689 विद्यार्थी शामिल होंगे। यह आकलन 22 और 23 दिसंबर को हिंदी और गणित विषय में किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों के बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान स्तर की पहचान की जाएगी। शिक्षा विभाग का मानना है कि प्रारंभिक कक्षाओं में मजबूत नींव के बिना आगे की शिक्षा प्रभावी नहीं हो सकती। इसी को ध्यान में रखते यह आकलन परीक्षा की तरह नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता, समझ और कौशल का वैज्ञानिक मूल्यांकन करने के उद्देश्य से कराया जा रहा है। इसके आधार पर भविष्य में शैक्षणिक सुधारों और आवश्यक हस्तक्षेपों की दिशा तय की जाएगी। हर 30 विद्यार्थियों पर एक शिक्षक की तैनाती आकलन प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं।



सोनीपत। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का फाइल फोटो।

#### विद्यार्थियों का शैक्षणिक डेटा दर्ज किया जाएगा

प्रत्येक 30 विद्यार्थियों पर एक प्रशिक्षित पीजीटी या टीजीटी शिक्षक की ड्यूटी लगाई गई है। खास बात यह है कि ये शिक्षक अपने मूल विद्यालय में आकलन नहीं करेंगे, बल्कि अन्य विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों का मूल्यांकन करेंगे। इससे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी प्रकार की पक्षपातपूर्ण स्थिति न बने और आकलन का डेटा वास्तविक व विश्वसनीय हो। इस दो दिवसीय प्रक्रिया के दौरान आकलन टीम विद्यालय में पहुंचकर कक्षा शिक्षक के सहयोग से विद्यार्थियों का मूल्यांकन करेगी, लेकिन आकलन के समय कक्षा शिक्षक या प्रधानाचार्य विद्यार्थियों से किसी भी प्रकार की बातचीत नहीं करेंगे। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पूरी प्रक्रिया शांत, सहज और बच्चों के अनुकूल वातावरण में होनी चाहिए। निपुण टीचर एप से होगा डिजिटल मूल्यांकन यह सेंसस ग्रुपिंग असेसमेंट पूरी तरह से तकनीकी आधारित होगा। आकलन टीम के सदस्य कक्षा शिक्षक के मोबाइल फोन पर निपुण टीचर एप को लॉगिन कर अपडेट करवाएंगे। इसी एप के माध्यम से विद्यार्थियों का शैक्षणिक डेटा दर्ज किया जाएगा। आकलन के दौरान हिंदी और गणित से संबंधित प्रश्न विद्यार्थियों से पूछे जाएंगे और उनके उत्तर तत्काल एप में दर्ज किए जाएंगे। यदि एप में किसी विद्यार्थी के विवरण या कक्षा से संबंधित जानकारी में कोई त्रुटि पाई जाती है, तो इसकी सूचना संबंधित बीआरपी और एबीआरसी को देना अनिवार्य होगा। किसी भी तकनीकी समस्या की जानकारी जिला एफएलएन समन्वयक को देने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। सभी बीआरपी और एबीआरसी को अपने-अपने ब्लॉक और जिले के 70 क्लस्टरों के स्कूलों की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी है।

#### असेसमेंट पर क्लिक करना जरूरी होगा

तीनों कक्षाओं के लिए हिंदी और गणित विषय में अलग-अलग मापदंड तय किए गए हैं। कक्षा पहली में हिंदी के अंतर्गत दो-तीन अक्षरों से बने 15 शब्द या तीन से चार वाक्यों की पढ़ने की गति देखी जाएगी, जबकि गणित में 99 तक गिनती, अंकों की पहचान और एक अंक वाले जोड़-घटाव के सवाल पूछे जाएंगे। कक्षा दूसरी में हिंदी के लिए 45 शब्द प्रति मिनट की पढ़ने की क्षमता और उससे जुड़े प्रश्नों के उत्तर देने की योग्यता को परखा जाएगा। गणित में 99 तक गिनती, अंकों की पहचान और दो अंकों के जोड़-घटाव के सवाल शामिल होंगे। कक्षा तीसरी में हिंदी के लिए 60 शब्द प्रति मिनट की पढ़ने की गति और समझ का मूल्यांकन किया जाएगा, जबकि गणित में 999 तक गिनती, अंकों की पहचान और एक अंक के गुणा के सवाल पूछे जाएंगे। कक्षा दूसरी और तीसरी के विद्यार्थियों से मौखिक रूप से पूर्वा पूर्ण पठन भी कराया जाएगा, जिससे समझ के स्तर का आकलन हो सके। शिक्षा विभाग ने आकलन प्रक्रिया को सटीक बनाने के लिए कई दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आकलन शुरू करने से पहले निपुण टीचर एप का लेटेस्ट वर्जन अपडेट करना अनिवार्य होगा। मूल्यांकन के दौरान विद्यार्थी को खड़ा करके नहीं, बल्कि उसके बराबर बैठकर प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक आकलन के बाद एप में सेव और एंड असेसमेंट पर क्लिक करना जरूरी होगा। केवल संबंधित कक्षा शिक्षक की लॉगिन आईडी का ही उपयोग किया जाएगा।

#### कक्षावार विद्यार्थियों की संख्या

*इस आकलन में कक्षा पहली के 6,859 विद्यार्थी, कक्षा दूसरी के 7,191 विद्यार्थी और कक्षा तीसरी के 7,639 विद्यार्थी शामिल होंगे। इस प्रकार कुल 21,689 विद्यार्थी इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया का हिस्सा बनेंगे। शिक्षा विभाग का कहना है कि इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों का एक साथ आकलन करने से जिले की प्राथमिक शिक्षा की स्पष्ट तस्वीर सामने आएगी।* ***विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर जानने के लिए 22 व 23 दिसंबर को सेंसस ग्रुपिंग*** *असेसमेंट करवाई जाएगी। सभी प्राथमिक विद्यालयों प्रबंधकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। यह प्रक्रिया बच्चों के शैक्षणिक स्तर को बेहतर समझने के लिए है। सभी शिक्षकों को इसे निर्देशों के अनुसार ही पूरा करने को कहा गया है।*

---





सोनीपत । कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## "शो लीड कार्यक्रम" में 635 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

**सोनीपत।** ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी में रविवार को "शो लीड कार्यक्रम" के अंतर्गत विद्यालय सहित आसपास के विभिन्न स्कूलों के लगभग 635 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने अलग-अलग स्तरों पर अपनी योग्यता का परिचय देते नृत्य गायन, कला, हिंदी एवं अंग्रेजी भाषण, कविता वाचन, गीत, वाद विवाद, अभिनय आदि प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विद्यालय संस्थापक एसके शर्मा के साथ विद्यालय प्रबंधक नीरज शर्मा, रीमा शर्मा, प्रधानाचार्या चंचल शर्मा तथा मीनू शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। उनकी देखरेख एवं मार्गदर्शन में संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया। यह कार्यक्रम गायन, कला, नृत्य भाषण, काव्य पाठ, वाद विवाद जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का अनोखा संगम था और इस कार्यक्रम की विभिन्न गतिविधियों में क्रमशः प० लक्ष्मण प्रसाद, सुनील कुमार, पवन सोलंकी, शांतनु भारद्वाज, नीतू वाधवा, शारदा, रोहित मेहरा, अनीता शर्मा, मंजू लता और राम कुमार शास्त्री ने निर्णायकों की भूमिका निभाई। विभिन्न विद्यालयों से आए छात्रों के साथ उपस्थित अभिभावकों ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को एक ऐसा मंच मिला, जहां वे अपनी प्रतिभा को सभी के समक्ष आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत कर सके। विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र व ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

### श्रीजी स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन



**सोनीपत ।** श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। सोनीपत उपायुक्त सुशील सरवान को बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया गया व विशिष्ट अतिथि के तौर पर भारतीय थल सेना से सेवानिवृत लेफ्टिनेंट कर्नल डा. कमलप्रीत सागी उपस्थित रहीं। विशेष अतिथि का चयन अभिभावकों में से लकी ड्रॉ द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कई रंगारंग एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश कर सभी को मोहित कर दिया। एक ओर जहां विद्यार्थियों ने नाट्य रूपांतरण के माध्यम से नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया, वहीं दूसरी ओर अतिथियों के संबोधन ने दर्शकों को वीरता, साहस और राष्ट्रप्रेम की भावना से भर दिया। 'स्टूडेंट ऑफ दि ईयर' इस वर्ष कक्षा दसवी की छात्रा सानवी को दिया गया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा अपने पूर्व प्रधानाचार्य को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु गत वर्ष से इस पुरस्कार का नामकरण उनके नाम पर कर दिया गया था व ये पुरस्कार उनकी धर्मपत्नी एवं गणमान्य अथियों द्वारा दिया गया। अंत में विद्यालय के चेयरमैन राकेश कुच्छल ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।

---

## जरूरतमंदों को कंबल, विकलांगों को ट्राई साइकिल दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

समाज सेवा समिति द्वारा 1000 जरूरतमंद परिवारों हेतु 44वां कम्बल एवं जर्सी वितरण समारोह गीता भवन शहर के प्रांगण में शरद ऋतु वार्षिक उत्सव देश भक्ति व लोक नृत्य कार्यक्रम की प्रस्तुति के साथ आयोजन किया गया। इस समारोह में विधायक निखिल मदान, मेयर राजीव जैन, पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन, मुख्य सरपरस्त पवन गोयल, समाजसेवी शशि कांत कौशिक, बीबी अरोड़ा, दीक्षित हसीजा, राकेश शर्मा, राकेश मल्होत्रा, ओपी एलावादी, वेद प्रकाश शर्मा, राजपाल चुघ, प्रेम नारंग, नरेश नासा, शेखर अरोड़ा, कृष्ण जगिया व सुरेन्द्र सेठी आदि ने शिरकत की। समारोह की शुरुआत सांस्कृतिक कार्यक्रम से की गई। बच्चों ने देशभक्ति व लोकनृत्य की प्रस्तुति को दर्शाते हुए सभी का मन मोह लिया। समारोह के मुख्य अतिथि मेयर राजीव जैन ने संबोधित करते हुए कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। मुख्य अतिथि विधायक निखिल मदान ने भी समिति के कार्यों की प्रशंसा की। इस दौरान जरूरतमंद व्यक्तियों को 500 कंबल तथा 500 जर्सियों, चार सिलाई मशीन तथा दो विकलांगों को ट्राई रिक्शा, एक व्हीलचेयर वितरित की गई।



सोनीपत। जरूरतमंदों को सामान वितरित करते हुए समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

#### नर सेवा उद्देश्य

समिति के मुख्य सरपरस्त पवन गोयल व समन्वय समिति के स्थाई सदस्य रमेश चंद हसीजा, सरपरस्त रत्नेश बतरा, प्रधान प्रवीण वर्मा, संयोजक शशीकरण नासा, सहसंयोजक जितेंद्र रेलन, सहसंयोजक संजय मक्कड़ और वरिष्ठ महासचिव आरके सेतिया ने संयुक्त रूप से बताया कि समिति अपने मुख्य उद्देश्य नर सेवा नारायण सेवा को कार्यान्वित करते हुए विकलांगों,विधवाओं जरूरतमंद निर्धन परिवारों को प्रतिवर्ष ट्राई रिक्शा, व्हीलचेयर, सिलाई मशीनें, कंबल, जर्सियां, कापियां, चावल तथा सर्व जातिय कन्याओं का विवाह के आयोजन के माध्यम से लगातार चार दशको से लाखों की संख्या में सहायता सामग्री प्रदान कर रही है।

---

**कार्यकर्ताओं की जिलास्तरीय बैठक**

## स्व. ओपी चौटाला की पुण्यतिथि पर सर्वधर्म सभा 20 दिसंबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

रविवार को इनेलो प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने गोहाना में नए बस स्टैंड के सामने कार्यकर्ताओं की जिलास्तरीय बैठक ली। बैठक में इनेलो के संगठन की मजबूती को लेकर विचारविमर्श किया गया। अध्यक्षता इनेलो जिलाध्यक्ष कुणाल गहलावत ने की। प्रदेश अध्यक्ष रामपाल ने कहा 20 दिसंबर को भूतपूर्व मुख्यमंत्री स्व. ओमप्रकाश चौटाला की पुण्यतिथि पर तेजा खेड़ा में सर्वधर्म सभा का आयोजन होगा। यह कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक आयोजित होगा। इस कार्यक्रम के लिए कार्यकर्ता गांवों में जाकर लोगों को निमंत्रण दें। रामपाल माजरा ने कार्यक्रम में भाजपा की विकासकारी नीतियों को लेकर भी सवाल उठाए। कहा कि भाजपा के पास प्रदेश के विकास व रोजगार को लेकर कोई विजन नहीं है। आज हर वर्ग भाजपा से परेशान है। आज प्रदेश के 36 बिरादरी के लोग पूर्व उप प्रधानमंत्री स्व. देवीलाल की नीतियों की सरकार बनाना चाहते हैं।



गोहाना। बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर पूर्व प्रत्याशी ओमप्रकाश गोयल, अनूप दहिया, जोगेंद्र मलिक, भूपेंद्र मलिक, सुरेंद्र मलिक, सुरेंद्र सिरसाढ़, राजेश हसीजा, अमित सैनी, प्रीतम खोखर व आनंद शर्मा सहित पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

## विद्यार्थियों को सक्षम बनाना जरूरी: सक्सेना

**स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल में पेरेंट्स कॉन्क्लेव हुआ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई



राई। पेरेंट्स कॉन्क्लेव में अभिभावकों को संबोधित करते हुए।

स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल में कक्षा छठी से बारहवीं क्लास के विद्यार्थियों और अभिभावकों को ध्यान में रखकर पेरेंट्स कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। दो चरणों में आयोजित इस कार्यक्रम में नए और अध्ययनरत छात्रों के अभिभावकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति थी। अभिभावकों को एक ओर जहां विगत वर्षों में स्वर्णप्रस्थ की उपलब्धियों से परिचित कराया गया वहीं दूसरी ओर निकट भविष्य में विद्यालय परिवार द्वारा छात्र हित में ली जाने वाली नई जिम्मेदारियों की भी जानकारी दी । स्पर्श यूनिवर्स के सीईओ डॉ. अमित सक्सेना ने सभागार में मौजूद लोगों को संबोधित करते कहा कि- निकट भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए हमें अपने विद्यार्थियों को सक्षम बनाना होगा, जिसको केंद्र में रखते स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल शिक्षा के अग्रिम पंक्ति में खड़ा है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते सीओई डॉ. मोनिका रंधावा ने कहा कि छात्रों के उत्तरोत्तर विकास को मद्देनजर रखते हुए हम विविध शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से नवीन ज्ञान विज्ञान की तरफ अग्रसर हो रहे हैं।

---

## स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य पूरा, कनेक्शन का वेट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

- **फिरनी पर स्ट्रीट लाइट लगने से सुंदरता में इजाफा होगा, आवागमन सुरक्षित और सुगम होगा : अरूण**

बड़ी गांव में चारों तरफ स्ट्रीट लगाने का कार्य पूर्ण हो गया है , अब ग्रामीणों को बिजली कनेक्शन का इंतजार है कि उनका गांव जल्द ही जगमग हो । ग्राम पंचायत द्वारा गांव के चारों ओर फिरनी पर स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। स्ट्रीट लाइट लगने से जहां गांव की सुंदरता में इजाफा होगा, वहीं रात के समय आवागमन भी पहले से अधिक सुरक्षित और सुगम हो जाएगा। सरपंच प्रतिनिधि अरुण त्यागी ने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा कुछ दिनों पहले ही गांव के चारों तरफ फिरनी पर प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने की मांग को ध्यान में रखते हुए यह कार्य शुरू किया गया था। कार्य पूरा होने के बाद ग्रामीणों में खुशी का माहौल है और सभी को बेसब्री से बिजली कनेक्शन मिलने का इंतजार है। स्ट्रीट लाइट चालू होने से रात के समय होने वाली दुर्घटनाओं में कमी आएगी और असामाजिक तत्वों पर भी अंकुश लगेगा। सभी पोलों पर लाइटें लगा दी गई हैं और वायरिंग का कार्य भी पूरा हो चुका है। अब केवल बिजली विभाग से कनेक्शन मिलना शेष है, जिसके लिए आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। अरुण त्यागी ने विश्वास जताया कि जल्द ही बिजली कनेक्शन मिल जाएगा और इसके बाद स्ट्रीट लाइट चालू कर दी जाएंगी। कहा कि ग्राम पंचायत का उद्देश्य गांव को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाना है।

---

**मान-सम्मान** राष्ट्रपति ने प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. ओपी परुथी को प्रदान किया पुरस्कार

## उत्कृष्ट कार्य करने पर जीवीएम गर्ल्स कॉलेज को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत ।

जीवीएम गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत को ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। जीवीएम गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत को 14 लाख इकाई ऊर्जा की बचत करने पर यह प्रतिष्ठित पुरस्कार भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा प्रदान किया गया। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. ओ.पी. परुथी ने इस अवसर पर कहा कि ऊर्जा संरक्षण आज केवल आवश्यकता नहीं बल्कि राष्ट्रीय जिम्मेदारी बन चुका है। उन्होंने कहा कि सीमित ऊर्जा संसाधनों के प्रभावी एवं विवेकपूर्ण उपयोग से ही सतत विकास का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित भव्य समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कॉलेज की प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. ओपी परुथी को यह पुरस्कार प्रदान किया।





सोनीपत। डॉ. ओपी परुथी को सम्मान प्रदान करती राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू।

#### जागरूकता फैलाएं

डॉ. परुथी ने बताया कि जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में ऊर्जा दक्षता को प्राथमिकता देते आधुनिक तकनीकों, ऊर्जा बचत उपकरणों तथा जागरूकता कार्यक्रमों को निरंतर अपनाया जा रहा है। और ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में जीवीएम प्रशासन की एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कॉलेज के कर्मचारी कपिल पाठक कार्य कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने दैनिक जीवन में ऊर्जा संरक्षण को व्यवहार में उतारें और समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाएं।

---

## पीपल, नीम, अर्जुन, पिलखन और पापड़ी के 19 पौधे लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| .गोहाना

समाज कल्याण संगठन ने रविवार को सोनीपत मार्ग स्थित नई सब्जी मंडी परिसर में पीपल, नीम, अर्जुन, पिलखन और पापड़ी के 19 पौधे रोपे। संगठन के सदस्यों ने पुराने पौधों की निराई-गुड़ाई भी की। पुराने पौधों की देखभाल में 2 पौधे सूखे हुए मिले जिनके स्थान पर नए पौधे रोपे गए। अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष आनंद जांगड़ा ने की। संगठन द्वारा गोहाना को ग्रीन सिटी बनाने के लिए गोद ले रखा है। इसके लिए संगठन द्वारा पिछले करीब डेढ़ दशक से शहर में सार्वजनिक स्थलों पर रविवार को साप्ताहिक पौधारोपण अभियान चलाया जाता है। इसी क्रम में संगठन द्वारा नई सब्जी मंडी में पौधारोपण किया गया। पौधारोपण में संगठन सदस्य सुनील कुमार, विक्की जाले, राजेश, पवन, बलजीत जांगड़ा, मनोज प्रजापति, जगदीश अस्सीवाल, प्रवीण कश्यप और डॉ. बिजेंद्र ने श्रमदान किया।



गोहाना। पुराने पेड़ों की सुरक्षा के लिए लगाए गए ट्री गार्डों को व्यवस्थित करते हुए संगठन के सदस्य।

#### दो दुकानदारों के खिलाफ केस

संगठन के अध्यक्ष आनंद जांगड़ा के अनुसार महम मार्ग और गजराज मार्ग पर दो दुकानदारों द्वारा दो पेड़ों की अनधिकृत रूप से कटाई कर दी गई। इस पर संस्था द्वारा दोनों दुकानदारों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। अध्यक्ष आनंद जांगड़ा ने दुकानदारों से अपील की कि वे खुद पेड़ों की टहनियों की कटाई न करें। अगर कोई परेशानी है तो इसके लिए संस्था को सूचित करें।

## खबर संक्षेप

### मारपीट के मामले में आरोपित को किया काबू

**सोनीपत।** सोनीपत जिले के थाना राई की पुलिस टीम ने युवक के साथ मारपीट कर गंभीर चोटें पहुंचाने की घटना में संलिप्त आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान रोहित उर्फ चिंटू निवासी गांव असावरपुर जिला सोनीपत के रूप में हुई है। इस मामले में रामलाल पुत्र रामफल निवासी गांव असावरपुर ने थाना राई में शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार 5 सितंबर 2025 की रात करीब 10 बजे वह अपने दोस्त सुरेश के पास से लौट रहा था।

### पक्षी विहार में तीन लोगों ने भरे पूर्ण शरीर दान के फार्म

**सोनीपत।** सोनीपत की पुलिस लाइन स्थित पक्षी विहार में समाज कल्याण शिक्षा समिति द्वारा चलाई जा रही अंगदान व शरीर दान की मुहिम के तहत तीन लोगों ने पूर्ण शरीर दान के फार्म भरे। इस अवसर पर एक एडवोकेट और एक दंपती ने स्वेच्छा से यह संकल्प लिया। पूर्ण शरीर दान के फार्म भरने वालों में एडवोकेट दिलबाग सिंह हुड्डा, रतन सिंह तथा उनकी पत्नी किताबो शामिल हैं, जो गांव बिहोली जिला पानीपत के निवासी हैं और वर्तमान में अपने बेटे के साथ पुलिस लाइन के क्वार्टरों में रह रहे हैं। इस कार्यक्रम में एएसआई पवन ने अहम भूमिका निभाते हुए लोगों को शरीर दान के प्रति जागरूक किया।

### मेमोग्राफी जांच शिविर में 50 महिलाओं की हुई जांच

**सोनीपत।** रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत सिटी एवं रोटरी क्लब ऑफ इंद्रापुरम के संयुक्त प्रयास से सिग्नल्स जेके हिन्दू हॉस्पिटल में मेमोग्राफी की जांच का कैंप लगाया गया। शिविर में 50 महिलाओं की जांच की गई एवं उन्हें महिला चिकित्सक द्वारा मुफ्त सलाह दी गई। महिलाओं में बढ़ते कैंसर को देखते हुए इस कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में महिलाओं को महिला चिकित्सक द्वारा कैंसर के बारे में अवगत भी कराया गया। महिलाओं ने इस शिविर में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

### जरूरतमंद एवं गरीब लोगों को वितरित किया भोजन

**सोनीपत।** रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत आर्डेंट द्वारा "आहार" के अंतर्गत आज जरूरतमंद एवं गरीब लोगों को निःशुल्क भोजन का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य में क्लब के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। क्लब के अध्यक्ष पुनीत जग्गा ने बताया कि "आहार" कार्यक्रम का उद्देश्य भूखे एवं जरूरतमंद लोगों को सम्मानपूर्वक भोजन उपलब्ध कराना है तथा यह सेवा कार्य नियमित रूप से प्रत्येक माह किया जाता है। इस मौके पर क्लब के सचिव अंकुश शर्मा, मीटिंग चेयरमैन राजेश मक्कड़ सहित क्लब के सदस्य मौजूद रहे।

### प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



सोनीपत। प्रतिभागी विद्यार्थियों के साथ स्कूल स्टाफ। फोटो :हरिभूमि

**सोनीपत।** सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोनीपत (एस-7) के प्रांगण में रविवार को "स्कालरशिप एवं ड्राइंग प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में 10 वीं तक सभी कक्षाओं के छात्रों ने भाग लिया। सभी छात्रों नें अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कुल 738 छात्र ड्राइंग और स्कालरशिप प्रतियोगिता में शामिल हुए। प्रबंधक सुखप्रिय शास्त्री, निदेशक दीपक, प्राचार्य डॉ. अंकुर रोहिल्ला ने सभी छात्रों की प्रतिभा का अवलोकन किया तथा छात्रों का उत्साहवर्धन किया। सभी प्रतियोगी छात्रों को प्रशंसा-पत्र (सर्टिफिकेट) प्रदान किये गए।

## कुंडली स्थित एक रेस्टोरेंट में युवक की चाकू मारकर हत्या के चार आरोपित गिरफ्तार

# कहासुनी के बाद बहस और गाली गलौज चाकू से कर दिया था बलराम पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। गिरफ्तार आरोपितों के साथ पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

सोनीपत में कुंडली स्थित एक रेस्टोरेंट के पीछे कमरे में युवक की नृशंस हत्या के मामले को सुलझाते हुए पुलिस ने घटना में संलिप्त चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। एसयूएजी यूनिट सेक्टर-7 की पुलिस टीम ने इस सनसनीखेज वारदात का खुलासा किया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान अजीत निवासी मुरैना, मध्य प्रदेश, सोनू निवासी गोंडा, उत्तर प्रदेश, विशाल निवासी लखनऊ, उत्तर प्रदेश और आजाद निवासी बलग्राम उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। रिमांड में पुलिस को पता चला कि यह हत्या किसी पूर्व दुश्मनी या बड़े विवाद के कारण नहीं, बल्कि जन्मदिन की पार्टी के दौरान हुए मामूली झगड़े और गाली-गलौज के चलते की गई थी। पूछताछ में आरोपितों ने खुलासा किया कि गिरफ्तार आरोपित अजीत का जन्मदिन था। अजीत, विशाल, सोनू और आजाद समेत अन्य साथी रेस्टोरेंट के पीछे बने कमरे में शराब पार्टी मना रहे थे। इसी दौरान काम की तलाश में वहां रुके बलराम से आरोपितों की किसी छोटी सी बात पर कहा-सुनी हो गई। यह बहस जल्द ही गाली-गलौज तक पहुंच गई, जिससे आरोपित भड़क गए।

विवाद बढ़ने पर आवेश में आकर आरोपितों ने मिलकर बलराम पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। यह घटना 11 दिसंबर की है। उत्तर प्रदेश के इटावा निवासी कुलदीप ने थाना कुंडली में शिकायत दर्ज कराई थी। कुलदीप ने पुलिस को बताया कि उसका छोटा भाई बलराम (27), जो इटावा के जसवंत नगर का रहने वाला था, काम की तलाश में कुंडली आया था। बुधवार रात करीब 9 बजे वह टीडीआई सिटी रोड स्थित करी जंक्शन रेस्टोरेंट पर काम मांगने पहुंचा था। रेस्टोरेंट मालिक ने उसे रात का समय होने के कारण अगले दिन काम का ट्रायल देने का कहकर, रेस्टोरेंट के पीछे बने कमरे में रुकने के लिए कह दिया था।

### चार में से दो का रिमांड, दो भेजे जेल

*थाना कुंडली की अनुसंधान टीम में नियुक्त उप निरीक्षक नवीन ने अपनी पुलिस टीम के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए, वारदात में संलिप्त चारों आरोपितों अजीत, सोनू, विशाल और आजाद को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार सभी आरोपितों को न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार, दो आरोपितों अजीत और विशाल को आगे की गहन पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जबकि दो अन्य आरोपितों सोनू और आजाद को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस रिमांड के दौरान हत्या में प्रयुक्त हथियार और घटना के पीछे के वास्तविक कारणों का पता लगाने की उम्मीद है।*

### शरीर पर भी चोटों के कई निशान

शिकायतकर्ता कुलदीप ने बताया कि बुधवार रात उसने अपने भाई बलराम को व्हाट्सएप वीडियो कॉल की थी। बलराम ने उसे बताया था कि कमरे में आजाद और विशाल भी हैं, जो वहीं काम करते हैं, और वे लोग अपने दोस्त का जन्मदिन मना रहे हैं। बातचीत के दौरान अचानक तेज झगड़े की आवाजें आने लगीं, जिसके बाद बलराम ने बाद में बात करता हूँ कहकर फोन काट दिया। गुरुवार सुबह जब रेस्टोरेंट के पीछे बने कमरे का दरवाजा खोला गया, तो अंदर बलराम का शव खून से लथपथ मिला। युवक का गला धारदार हथियार से रेता गया था और उसके शरीर पर भी चोटों के कई निशान थे। कमरे के फर्श पर भी चारों ओर खून बिखरा हुआ था। वारदात के बाद रात को कमरे में मौजूद आजाद और विशाल सहित अन्य युवक मौके से लापता थे। कुलदीप की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत थाना कुंडली में हत्या का अभियोग दर्ज किया गया था।

## न्यूज डायरी

### वर वधू को आशीर्वाद देने रोहणा पहुंचे दुष्यंत चौटाला



**खरखौदा।** पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला रविवार को रोहणा गांव पहुंचे और जननायक जनता पार्टी के खरखौदा विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष देवेंद्र दहिया के पुत्र व पुत्रवधू को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर उन्होंने सुझाव दिया कि प्रदूषण की वजह से मौसम काफी खराब चल रहा है। इसलिए स्वयं व दूसरों के जीवन को बचाने के लिए सड़क मार्ग पर वाहनों का प्रयोग सतर्कता के साथ करें। पार्टी के कार्यकर्ताओं को ठंड के समय जरूरतमंद लोगों की मदद करनी चाहिए। पार्टी का उद्देश्य प्रदेश की जनता के हित में कार्य करना है। उप मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए प्रदेश के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी। आने वाले समय में कार्यकर्ता पार्टी संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। इस मौके पर रोहतास दहिया, देवेन्द्र गोपालपुर, सत्ते सरपंच, बल्ले पहलवान, डॉ प्रेम, दिलबाग, राजू नंबरदार, चांद आदि मौजूद रहे।

### बिजली के ट्रिप होने की समस्या से निपटने के लिए हटाई जा रही पेड़ों की टहनियां



**खरखौदा।** सोनीपत मार्ग पर एचडी लाइन व थ्री फेज लाइन जहां-जहां से गुजर रही हैं, वहां कई स्थानों पर वृक्षों की टहनियां बिजली लाइनों से टकरा रही थीं। जिसके कारण बार-बार बिजली ट्रिप हो रही थी। इस समस्या को लेकर बिजली निगम को कई बार शिकायत दी गई थी। शिकायतों के बाद बिजली निगम ने कार्रवाई शुरू कर दी है। सोनीपत मार्ग पर खजूर, नीम सहित अन्य वृक्षों की वे टहनियां, जो बिजली लाइनों से टच हो रही थीं, उन्हें हटाया जा रहा है, ताकि पेड़ों में करंट न आए और बिजली ट्रिपिंग की समस्या न हो। यह कार्रवाई लगातार जारी है। जिससे बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से चलती रहे और भविष्य में किसी तरह की परेशानी न आए। इस संबंध में खरखौदा के एसडीओ रवि कुमार से बातचीत की गई। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कई स्थानों पर वृक्षों की टहनियां बिजली लाइनों से टकरा जाती हैं, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इसलिए टहनियों को बिजली निगम के कर्मचारी हटा रहे हैं। जबकि बड़े और बाहरी वृक्षों की टहनियों को वन विभाग के माध्यम से हटवाया जा रहा है।

### बिजेंद्र मलिक ने की जिला पदाधिकारियों की घोषणा

**गोहाना।** भाजपा जिला गोहाना कार्यालय पर जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली से विचार विमर्श करके जिला प्रकोष्ठों के संयोजक और प्रमुखों की नियुक्ति की। पार्टी कार्यकारिणी विस्तार में रामबीर पांचाल को जिला सोशल मीडिया प्रमुख, सुशील शास्त्री को जिला खेल प्रकोष्ठ, विजय ठाकुर को अध्यापक प्रकोष्ठ और नगर पार्षद नरेंद्र कुमार को भाजपा जिला गोहाना स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ का संयोजक बनाया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक एवं शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया और निष्ठा से काम करने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर जिला महामंत्री महेंद्र चिड़ाना और जितेन्द्र शर्मा, डॉ.रमेश कश्यप, जिला मीडिया प्रभारी डॉ. राममेहर राठी, प्रवीण कश्यप, मुकेश रोहिल्ला, कुलदीप कौशिक, मास्टर मुकेश शामड़ी, डॉ. दर्शन और रामेश्वर लठवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### सरकारी कार्यालयों में फिटनेस मुहिम शुरू करने का निर्णय

**गोहाना।** सरकारी कर्मचारियों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से प्रशासन ने सरकारी कार्यालयों में फिटनेस मुहिम शुरू करने का निर्णय लिया है। इस पहल के तहत कार्यालय समय के दौरान रोजाना कुछ मिनट सामूहिक व्यायाम और योग कराया जाएगा, ताकि कर्मचारी तनावमुक्त रहकर अधिक ऊर्जा के साथ काम कर सकें। प्रस्तावित योजना के अनुसार प्रत्येक कार्यदिवस में निर्धारित समय पर सभी कर्मचारियों को अपने-अपने कार्यालय कक्षों या खुले स्थान पर हल्का व्यायाम, स्ट्रेचिंग और प्राणायाम कराया जाएगा। इसके लिए आयुष विभाग के योग सहायकों की ड्यूटी लगाई जाएगी, जो कर्मचारियों को सही तरीके से योग व व्यायाम करवाएंगे।

### कारीगरों व श्रमिकों को बनाएंगे डिजिटल रूप से सशक्त

**सोनीपत।** स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन के सहयोग से एमएसएमई टीडीसी, पीपीडीसी, आगरा (ईएफसी, नई दिल्ली) द्वारा 13 एवं 14 दिसंबर 2025 को सेक्टर-12 कम्युनिटी सेंटर, सोनीपत में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत डिजिटल ऑनबोर्डिंग एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य परंपरागत कारीगरों एवं श्रमिकों को डिजिटल माध्यमों से सशक्त बनाना और उन्हें आधुनिक तकनीक से जोड़ना रहा। कार्यशाला के दौरान लगभग 800 लाभार्थियों को डिजिटल द्रोणाचार्य की टीम द्वारा डिजिटल रूप से ऑनबोर्ड किया गया। लाभार्थियों को उनके उत्पादों की डिजिटल लिस्टिंग, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपने कार्य का विस्तार करने की प्रक्रिया तथा डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आयोजन कथिर राजेन्द्रन के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प यात्रा का गन्नौर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

- भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रत्याशी देवेन्द्र कौशिक की अगवाई में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर



गन्नौर। यात्रा के संयोजक ऋषिपाल मथाना कार्यकर्ताओं व शहरवासियों को सम्बोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी और "स्वदेशी खरीदो–स्वदेशी बेचो" का संदेश देते हुए आत्मनिर्भर भारत संकल्प यात्रा रविवार को गन्नौर शहर के शिव पार्क पहुंची। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रत्याशी देवेन्द्र कौशिक की अगुआई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। यात्रा के स्वागत अवसर पर देशभक्ति नारों और स्वदेशी के संकल्प के साथ वातावरण उत्साहपूर्ण रहा। आत्मनिर्भर भारत संकल्प यात्रा के प्रदेश संयोजक ऋषिपाल मथाना ने बताया कि यह यात्रा 7 दिसंबर को कैथल से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई थी। ऋषिपाल मथाना ने बताया कि कैथल से प्रारंभ होकर यह यात्रा कुरुक्षेत्र, अंबाला, पंचकूला, करनाल, पानीपत और समालखा होते हुए रविवार को गन्नौर पहुंची है।

### आत्मनिर्भर भारत संकल्प यात्रा जनजागरण का सशक्त माध्यम है : देवेन्द्र कौशिक

कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेन्द्र कौशिक ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प यात्रा जनजागरण का सशक्त माध्यम है। यात्रा लोगों को स्वदेशी के महत्व से जोड़ते हुए राष्ट्रनिर्माण की दिशा में प्रेरित कर रही है। उन्होंने कहा कि गन्नौर की जनता ने यात्रा का जिस उत्साह से स्वागत किया है, उससे स्पष्ट है कि स्वदेशी का संदेश घर-घर तक पहुँच रहा है। आत्मनिर्भर भारत के लोकसभा संयोजक आजाद नेहरा,सोनीपत के मेयर राजीव जैन,नगरपालिका के चेयरमैन अरुण त्यागी,संदीप मलिक,अंकित त्यागी पार्षद,नरेश वर्मा पार्षद,विकास शर्मा पार्षद,भूषण हसीजा,विकास त्यागी,रजनीश ठेकेदार, सतीश, मनोज, शालू,रजत हांडा सभी मंडलों के अध्यक्ष,जिला पार्षदों सहित भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व लोग मौजूद रहे।

### भाजपा की आत्मनिर्भर भारत रथ यात्रा पहुंची सोनीपत

*सोनीपत। सोनीपत–मुरथल रोड स्थित अग्रसेन चौक पर आत्मनिर्भर भारत रथ यात्रा का भारतीय जनता पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पूरे देश में संचालित की जा रही है। हरियाणा में इस यात्रा का शुभारंभ 7 दिसंबर को कैथल जिले से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली द्वारा झंडी दिखाकर किया गया था। यात्रा के संयोजक ऋषिपाल मथाना एवं सह-संयोजक संदीप कुमार के नेतृत्व में यह रथ यात्रा चल रही है। इसी क्रम में आज यात्रा का स्वागत सेक्टर-15, सोनीपत के अग्रसेन चौक पर किया गया। जहां कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं एवं पुष्प-वर्षा के साथ उत्साहपूर्वक स्वागत किया। सेक्टर-15 मार्केट में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सोनीपत नगर निगम मेयर राजीव जैन ने आत्मनिर्भर भारत की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्वदेशी आंदोलन की जड़ें 1905 के बंगाल विभाजन से जुड़ी हैं, जिसे महात्मा गांधी ने असहयोग एवं स्वदेशी आंदोलन के माध्यम से जनांदोलन का स्वरूप दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वदेशी अपनाओ, वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत आज देश की मजबूत आर्थिक, राजनीतिक एवं सुरक्षा नींव बन चुके हैं। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश आत्रेय, वीरेंद्र मोहन कौशिक, जिला प्रभारी नवीन मंगला, सोनीपत लोकसभा प्रभारी आज़ाद नेहरा, जिला मीडिया प्रभारी दिनेश अत्री, राजकुमार शर्मा, सुरेंद्र बरोटा, श्यामवीर जटवाड़ा, नीरज सोनी, पार्षद अतुल जैन, देवेंद्र सैनी, मुकेश सैनी, प्रवीन दहिया, पूजा जांगड़ा, किरण बाला, सुनीता लोहचब, रेखा गुप्ता, नरेंद्र भारतीय, संजय मिश्रा, सत्येंद्र तोमर सहित अनेक गणमान्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।*



सोनीपत। यात्रा का स्वागत करते हुए मेयर साथ में भाजपा पदाधिकारी एवं अन्य।

# नारियल तोड़कर शुरू किए 2.17 करोड़ के विकास कार्य



**सोनीपत।** रविवार सुबह विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन वार्ड नं 15 के भरत पुरी में पहुंचे, जहां उन्होंने नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। विधायक निखिल मदान ने बताया कि वार्ड नं 15 में जवाहर नगर, मिशन चौक, शिवा शिक्षा सदन, भरतपुरी के आस पास की विभिन्न गलियों में सीवरेज की नई पाइप लाइन बिछाई जाएगी। इस कार्य में जवाहर नगर (सुभाष नगर) के पास 42 लाख, शिवा शिक्षा सदन स्कूल के पास 42 लाख, मिशन चौक के पास 25 लाख, भरतपुरी के पास 20 लाख रुपये की लागत से नई सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य किया जाएगा। मिशन कॉलोनी में वेगी स्कीम से 15 लाख रुपये की लागत से गली नंबर 3 का सीसी से पुनर्निर्माण करवाया जाएगा। इसके साथ ही विभिन्न वार्डों में सड़क, गली निर्माण और सीवरेज लाइन बिछाने के कार्य प्रगति पर है जिन्हें जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। मेयर राजीव जैन ने बताया कि वार्ड नं 11 की बत्रा कॉलोनी, ज्ञान नगर और कल्याण नगर में 72 लाख रु की लागत से नई सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य किया जाएगा। बत्रा कॉलोनी, कल्याण नगर, ज्ञान नगर में पुरानी सीवरेज लाइन जो काफी वर्षों पहले बिछाई गई थी, वह पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है।

#### मौके पर ये मौजूद रहे

इस अवसर पर निगम पार्षद अतुल जैन, निगम पार्षद इंदु संजीव वलेचा, मार्केट कमेटी वाइस चेयरमैन संजय वर्मा, डॉ. ओम प्रकाश आत्रेय, नीरज सोनी, राजकुमार शर्मा, मनोज गुप्ता, राजेश वर्मा, मुकेश एंडी, सुशील पाराशर, धीरेंद्र शांडिल्य, दीपक शर्मा, विनीत वत्स, सूरज राय जैन, अरविंद मित्तल, शैलेन्द्र तोमर, भारत भूषण, नाकिन मेहरा आदि लोग मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव प्रोत्साहन 2025- 'रन, राइज एंड रेडिएट '



गन्नौर। मुख्य अतिथि एसडीएम गन्नौर प्रवेश कादियान, नगर पालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी, रजिस्ट्रार जसविंदर सिंह, वाइस चेयरमैन योगेश कौशिक कार्यक्रम की शुरुवात करते हुए।

**गन्नौर।** प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव 'रन, राइज एंड रेडिएट प्रोत्साहन 2025' अत्यंत उत्साह, उल्लास एवं भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर खेल महोत्सव एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ वार्षिकोत्सव से पूर्व प्रयास परिवार की ओर से विद्यालय के पूर्व एम.डी. स्वर्गीय डॉक्टर संजय जैन जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में पी.पी.1से लेकर कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य, नृत्य-नाटिका, समूह गीत एवं संगीत कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। साथ ही खेल महोत्सव के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार की दौड़ों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अभिभावकों के लिए भी खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें उन्होंने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मुख्य अतिथि एस.डी.एम गन्नौर प्रवेश काद्यान, नगर पालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी, एसीपी गन्नौर, रजिस्ट्रार, स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी जसविंदर सिंह, मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन योगेश कौशिक, सेवानिवृत्त कर्नल राजवीर शर्मा ने शिरकत की । विशिष्ट अतिथियों में रोटरी क्लब के राकेश सिंधवानी, संजीव गुप्ता, अशोक वर्मा, पवन जिंदल ने शिरकत की । प्रयास परिवार की ओर से कार्यक्रम अध्यक्ष सुरेश बत्रा, एमडी अमित बत्रा, डॉ. सुनीरा जैन , डायरेक्टर रुचिका बत्रा, विद्यालय ट्रस्टी एकलव्य जैन, कृतिका जैन एवं इशिता जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही। इनके साथ सुमित बत्रा, रमेश बत्रा, रविंद्र सरदाना , विक्रम भाटिया उपस्थित रहे।

### हादसों से बचाव को वाहनों पर रेडियम टेप और रिफ्लेक्टर लगाई



गन्नौर। क्लब के पदाधिकारी कोहरे में हादसों से बचाव को वाहनों पर रेडियम टेप और रिफ्लेक्टर लगाते हुए।

**गन्नौर।** सर्दी के मौसम में बढ़ते कोहरे के कारण सड़क हादसों की आशंका को देखते हुए रोटरी क्लब ऑफ गन्नौर रॉयल की ओर से रविवार को वाहनों पर रेडियम टेप और रिफ्लेक्टर लगाई। अभियान का नेतृत्व क्लब के सचिन नितिन बंसल ने किया। उनके साथ क्लब के पदाधिकारी और सदस्य प्रमुख मार्गों पर मौजूद वाहनों पर रेडियम टेप तथा रिफ्लेक्टर लगाए। अभियान के दौरान वाहन चालकों को यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया गया। प्रोजेक्ट चेयरमैन रामभुल त्यागी व सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि कोहरे के मौसम में रिफ्लेक्टर और रेडियम टेप लगने से वाहन रात के समय और घने कोहरे में दूर से ही दिखाई देने लगते हैं, जिससे आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित होती है। क्लब के प्रधान प्रवीण मित्तल ने कहा कि सर्दियों में कोहरा बढ़ने के साथ ही सड़क पर दृश्यता काफी कम हो जाती है। ऐसे में वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगे होने से दूसरे वाहन चालक समय रहते सतर्क हो जाते हैं और दुर्घटनाओं की संभावना कम होती है। अभियान में क्लब के सदस्य अजय त्यागी, अंकित गोयल, सचिन वाधवा, नितिन जैन, गौरव जैन, अनिल जैन, अनुज बंसल सहित अन्य सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वाहन चालकों ने रोटरी क्लब गन्नौर रॉयल की।

### भाजपा ने नरेंद्र धीमान को टीचर सेल का जिला संयोजक नियुक्त किया

- नियुक्ति पर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में नरेंद्र धीमान का स्वागत किया गया

**राई।** भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन द्वारा नरेंद्र धीमान को टीचर सेल के जिला संयोजक की नियुक्ति की गई है। भाजपा के जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज ने नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू की है। नियुक्ति पर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में नरेंद्र धीमान का स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने नरेंद्र धीमान से शिक्षक वर्ग के बीच संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की अपेक्षा जताई है। भारद्वाज ने कहा कि नरेंद्र धीमान लंबे समय से पार्टी से जुड़े हुए हैं और शिक्षक समाज में उनकी अच्छी पकड़ व सक्रिय भूमिका रही है। उनके अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा तथा टीचर सेल के माध्यम से शिक्षकों की समस्याओं, सुझावों और अपेक्षाओं को संगठन के उच्च स्तर तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। नरेंद्र धीमान ने कहा कि भाजपा शिक्षा क्षेत्र में सुधार, शिक्षकों के सम्मान और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है। नवनियुक्त जिला संयोजक नरेंद्र धीमान ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे।



राई। जिला संयोजक नरेंद्र धीमान का स्वागत करते हुए भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### हरियाणा पुलिस भर्ती में एनसीसी कैडेट्स को अतिरिक्त अंक देने पर कर्नल अशोक मोर ने जताया आभार



राई। गुरुकुल तक्षशिला, पुंडरी में निदेशक एवं प्राचार्य कर्नल अशोक मोर एनसीसी छात्रों के साथ।

*राई। हरियाणा पुलिस भर्ती में एनसीसी प्रमाणपत्र धारकों को अतिरिक्त अंक देने के राज्य सरकार के निर्णय पर एनसीसी के वरिष्ठ अधिकारी एवं शिक्षाविद कर्नल अशोक मोर (सेवानिवृत्त) ने हरियाणा के मुख्यमंत्री तथा राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने इस फैसले को ऐतिहासिक और दूरदर्शी बताते हुए कहा कि इससे युवाओं में नेशनल कैडेट कॉर्प्स (एनसीसी) से जुड़ने की रुचि बढ़ेगी और राज्य में अनुशासन, नेतृत्व तथा राष्ट्रीय सेवा की भावना और अधिक मजबूत होगी। कर्नल मोर ने बताया कि सरकार के निर्णय के अनुसार हरियाणा पुलिस भर्ती प्रक्रिया में एनसीसी प्रमाणपत्र के आधार पर अभ्यर्थियों को अतिरिक्त अंक दिए जाएंगे। यह व्यवस्था एनसीसी कैडेट्स के परिश्रम और प्रशिक्षण को उचित सम्मान प्रदान करती है। कर्नल मोर का कहना है कि इससे शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास हुआ है। कर्नल अशोक मोर ने बताया कि मोतिलाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स (एमएनएसएस), राई में प्राचार्य एवं निदेशक के रूप में कार्यकाल के दौरान उन्होंने एनसीसी की ताकत को 53 कैडेट्स से बढ़ाकर 474 कैडेट्स तक पहुंचाया, जो उस समय देश के किसी भी एकल शिक्षण संस्थान में सबसे अधिक थी। उन्होंने चिंता जताई कि वर्तमान में यह संख्या फिर घटकर केवल 53 रह गई है । वर्तमान में गुरुकुल तक्षशिला, पुंडरी में निदेशक एवं प्राचार्य के रूप में कार्यरत कर्नल अशोक मोर ने गुरुकुल तक्षशिला के विद्यार्थियों को पहली बार एनसीसी की सुविधा मिलने पर बधाई दी।*

## मार्केट न्यूज

### अश्वमेघ वैन' का नुवोको विस्टास ने किया शुभारंभ, गांव-गांव पहुंचेगी निर्माण तकनीक की जानकारी



**गन्नौर।** नुवोको विस्टास कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से गुणवत्तापूर्ण निर्माण सामग्री और आधुनिक निर्माण तकनीकों के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से 'अश्वमेघ वैन' का शुभारंभ किया गया। अभिनव पहल की शुरुआत रेलवे रोड स्थित छिकारा सीमेंट स्टोर से की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्य प्रमुख राजेश दुबे ने कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया। उद्घाटन अवसर पर राज्य प्रमुख राजेश दुबे के साथ क्षेत्रीय बिक्री प्रबंधक दीपक शर्मा, सहायक बिक्री प्रबंधक दीपक सेठी, बिक्री अधिकारी दीपांशु, क्षेत्र व्यवसाय विकास प्रमुख विजय कुमार तथा विपणन अधिकारी वरुण मौजूद रहे। अश्वमेघ वैन को एक चलता-फिरता प्रदर्शन केंद्र के रूप में तैयार किया गया है, जिसमें नुवोको के सभी प्रमुख उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं। वैन हरियाणा राज्य के गांवों और कस्बों में भ्रमण करेगी और स्थानीय नागरिकों, ठेकेदारों, राजमिस्त्रियों तथा निर्माण कार्य से जुड़े लोगों को आधुनिक और सुरक्षित निर्माण पद्धतियों की जानकारी देगी। उमेद छिक्कारा ने बताया कि नुवोको भारत की एकमात्र ऐसी कंपनी है, जो पेटेंट माइक्रोफाइबर सीमेंट उपलब्ध कराती है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005